


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 197 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, गुरूवार 5 मई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




## खास खबर

### छत्तीसगढ़ बोर्ड 10वीं 12वीं का रिजल्ट आखिरी सप्ताह में हो सकते हैं जारी


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीजीबीएसई) मई के आखिरी सप्ताह तक 10वीं और 12वीं परीक्षा के नतीजे जारी कर सकता है। कॉपियों के मूल्यांकन का काम लगभग समाप्त हो चुका है। इसलिए उम्मीद जताई जा रही है कि बोर्ड नतीजों की तारीख की घोषणा जल्द से जल्द कर देगा। कॉपियों के मूल्यांकन जल्द से जल्द पूरा करने के बाद बोर्ड अब रिजल्ट की तैयारियों में लगा हुआ है। छत्तीसगढ़ बोर्ड 10वीं की परीक्षाएं ओपन बुक फॉर्मेट से हुई थीं। 10वीं के करीब 2.71 लाख विद्यार्थियों ने घर पर बैठकर परीक्षा दी थी। बच्चों को घर के लिए दिए गए असाइनमेंट के आधार पर ही नतीजे जारी किए गए। 100 प्रतिशत बच्चे पास हुए थे। इनमें 96.81 फीसदी फर्स्ट डिविजन से पास हुए थे।

### डौरा में बुजुर्ग महिला की मांग पर मुख्यमंत्री ने मौके पर ही बनवाया राशन कार्ड

**रायपुर।** भेंट-मुलाकात अभियान के तहत आज रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम डौरा की चौपाल में एक बुजुर्ग महिला 67 वर्षीय कबिलासो की मांग पर मौके पर ही तत्काल राशन कार्ड बनाकर देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम खंडा में तत्काल बिजली पहुंचाने और सड़क का निर्माण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पौनी से पेंड्री तक सड़क बनाने के भी निर्देश दिए।

फिर गरमाया ढाई-ढाई साल के सीएम का मुद्दा, सिंहदेव बोले-

# आलाकमान को स्पष्ट कर देना चाहिए, परिवर्तन होगा या नहीं



दंतेवाड़ा (एजेंसी)। प्रदेश में चुनाव को डेढ़ साल रह गए हैं। अब मंत्रियों का भी तूफानी दौरा प्रदेश के जिलों में शुरू हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव बुधवार को दंतेवाड़ा प्रवास पर रहे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के साढ़े तीन साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन ढाई-ढाई साल के सीएम का मुद्दा अभी भी राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं में बना हुआ है। दंतेवाड़ा दौरे पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने एक बार फिर ढाई-ढाई साल के सीएम के मुद्दे पर बड़ा बयान दिया है। सिंहदेव ने कहा कि अब वे भी चाहते हैं कि स्थिति स्पष्ट हो जानी चाहिए। आलाकमान को स्थिति स्पष्ट कर देना चाहिए कि प्रदेश में नेतृत्व में बदलाव होगा या नहीं। दूसरी पार्टी में जाने के सवाल पर सिंहदेव ने कहा कि 5 पीढ़ियों से हमारा परिवार कांग्रेसी है। कहीं और जाने का सवाल ही नहीं।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री का मुद्दा समय-समय पर गरमाता रहा है। सीएम भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री ने कभी इस मुद्दे पर खुलकर अपनी बात नहीं रखी। हर बार आलाकमान के फैसले को अंतिम बताया है। दंतेवाड़ा दौरे पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि अब वे भी चाहते हैं कि स्थिति स्पष्ट हो जानी चाहिए। प्रदेश नेतृत्व में बदलाव होगा या नहीं। सिंहदेव ने कहा कि कई बार अहम मुद्दों पर आलाकमान से बातचीत होती है और इसे बंद कमरे की चर्चा कही जाती है। इस बातचीत को सार्वजनिक तौर पर आलाकमान को रखना चाहिए। यदि उनके द्वारा इस पर कुछ नहीं कहा जा रहा तो यह व्यवहारिकता है कि हम भी कुछ न कहें।

## जमीन सुरक्षित कर बनाया जाए मेडिकल कालेज

इस दौरे को आगामी चुनावी तैयारी से जोड़कर देखने के सवाल पर सिंहदेव ने कहा कि प्रदेश सरकार में सभी की अपनी-अपनी जिम्मेदारियां हैं। सभी को अपने विभाग की स्थितियों को समझना होता है। कोरोना की वजह से यह दौरा विलंब से शुरू कर पाया हूं। यह महज संयोग है कि सीएम भी दौरे पर निकले हैं और मैं भी...। रायपुर में बैठकर जमीनी हकीकत पता नहीं चल पाएगा, इसलिए सभी जगह जाकर समझने और सुधार करने की कोशिश की जा रही है। दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज खुलने के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एक जमीन सुरक्षित करके रखी जानी चाहिए कि भविष्य में मेडिकल कॉलेज इस जगह पर बनाया जाए। मेडिकल कॉलेज के लिए राशि देने का प्रावधान केंद्र सरकार का होता है। प्रदेश में अभी 3 नए मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। प्रति एक कॉलेज के पीछे लगभग 325 करोड़ रुपए का खर्च हो रहा है। कवर्धा और जांजगीर चांपा में 2 और मेडिकल कॉलेज खोलने की सरकार की तरफ से पहल हो गई है। उसी तर्ज पर दंतेवाड़ा में भी संभावना है। यहां पर मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता भी है। दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल की स्थिति पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि व्यवस्थाएं सुधार करने की आवश्यकता है, जिस पर काम किया जायेगा। सिंहदेव ने कहा यदि हम साथ दौरे पर निकल जाएं तो लोग ढाई-ढाई साल वाले मुद्दे से जोड़ लेते हैं और न निकले तो मंत्री बैठा है, कहते हैं। मंत्री सिंहदेव ने दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद भी लिया।

## केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कांग्रेस पर साधा निशाना
## कहा- 'चीन के शुभचिंतकों' को चुनाव में जवाब देगी जनता

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने नेपाल के कथित एक नाइट क्लब में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वीडियो को लेकर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि देश की जनता ''चीन के शुभचिंतकों'' को आगामी चुनावों में जवाब देगी। राय ने बुधवार को नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले का दौरा किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में राहुल गांधी की नेपाल यात्रा के दौरान कथित रूप से चीनी राजदूत के साथ मुलाकात पर सवाल उठाया। राय ने कहा, 'हम लोग (भाजपा) कह रहे हैं शिक्षा युक्त छत्तीसगढ़, विकासयुक्त छत्तीसगढ़, भय मुक्त छत्तीसगढ़ और जनता कह रही है कांग्रेस मुक्त छत्तीसगढ़।'' उन्होंने कहा, ''पूरे देश में देखिए कांग्रेस कहां चली गई है। और क्यों नहीं छत्तीसगढ़ और देश की जनता यह (कांग्रेस मुक्त) चाहेगी, जिसके नेता चीन के राजदूत के साथ बैठक कर रहे हो, क्या इस देश की जनता चाहेगी कि चीन के शुभचिंतक और उनके साथ बैठक करने वाले लोग किसी राज्य या देश में सत्ता में रहे। संवाददाता सम्मेलन में राय ने कहा कि पहले सरकार धन उपार्जन करने के लिए महंगाई लाती थी और भ्रष्टाचार के कारण महंगाई बढ़ जाती थी, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय कारणों से महंगाई बढ़ती है। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की 'गौठान योजना' की तारीफ की लेकिन इसकी सफलता पर आशंका भी जताई। उन्होंने कहा गौठान देखकर आया हूं। यह अच्छी योजना है। लेकिन इसकी कामयाबी कितनी है, मैं कह नहीं सकता। राज्य सरकार की जो नीति है और मुख्यमंत्री जी का जो रवैया है उस पर मुझे शक हो रहा है कि कहीं यह दिखावे का उदाहरण न बन जाए और इसका लाभ जनता को न मिले।

देश में कोयले का संकट

# छत्तीसगढ़ में और 17 ट्रेनें 20 दिनों के लिए रद्द



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रेलवे बोर्ड के निर्देश पर छत्तीसगढ़ से गुजरने व चलने वाली 17 ट्रेनों को फिर रद्द कर दिया गया है। रद्द ट्रेनों में 9 एक्सप्रेस व 8 मेमू ट्रेनें शामिल हैं। 5 से 24 मई के बीच करीब 20 दिनों तक यह ट्रेनें नहीं चलेंगी। लगातार ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। रेलवे ने इन ट्रेनों को रद्द होने का कोई कारण नहीं बताया है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। ऐसा माना जा रहा है कि देश में कोयले का संकट है। मालगाड़ियों की ढुलाई के लिए ट्रैक को खाली रखने यात्री ट्रेनों को रद्द किया गया है।

यात्री ट्रेनों को लगातार बंद करने को लेकर प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस के नेताओं के बीच जमकर बयानबाजी चल रही है। इससे पहले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (स्‍वेमरे) द्वारा 23 अप्रैल को आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली कुल 23 एक्सप्रेस तथा लोकल ट्रेनों को 24 अप्रैल से मई माह की अलग-अलग तिथियों (एक माह) के लिए बंद कर दिया गया है। रेलवे की तरफ से कहा गया था कि ट्रैक अपग्रेडेशन वर्क की वजह से यह ट्रेनें नहीं चलाई जा सकेंगी। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए सीएम ने रेल मंत्री से बात की थी, जिसके बाद 6 ट्रेनों को शुरू किया गया था। अब फिर 17 ट्रेनों को बंद होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है।

### अब तक कुल 50 ट्रेनें बंद करने का आदेश

सीएम के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने इस संबंध में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र में लिखा कर कहा था कि दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के 31 मार्च 2022 के आदेश द्वारा कुल 10 रेलों का परिचालन बंद कर दिया गया था। इन 10 रेलों में से 8 ट्रेनें छत्तीसगढ़ के रेल मार्गों पर चलती थी। इन ट्रेनों को शुरू करने राज्य शासन द्वारा 5 अप्रैल को पत्र लिखा गया था, लेकिन इस पर भी कोई अमल नहीं किया गया। इसके बाद 23 अप्रैल को 23 ट्रेनों को एक माह के लिए बंद किया गया है। एसीएस ने रेलवे से सभी ट्रेनों को तत्काल बहाल करने का आग्रह किया था। अब 17 ट्रेनों को बंद किया गया यानी अब तक कुल 50 ट्रेनों को बंद किया जा चुका है।

# मिशन-2023: कमजोर बूथ को मजबूत करने पर जोर, 5 से 20 मई तक बूथों में जाएंगे नेताजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लगातार हार का सामना कर रही भाजपा अब संगठन को बूथ लेवल तक मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। प्रदेश के नेताओं की राष्ट्रीय नेतृत्व से मुलाकात के बाद राज्य सरकार को आक्रमक रूप से घेरने और मिशन-2023 की कवायद शुरू हो गई है। भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक सहित जिला व मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी 5 से 20 मई तक बूथों में जाकर बूथ के प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे।

भाजपा मिशन-2023 के तहत खास रणनीति पर काम कर रही है। इस प्लान के तहत पार्टी के विस्तारकों को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें शक्ति केंद्रों से लेकर बूथ तक जाने को कहा गया है। 'बूथ-मजबूत' स्लोगन के साथ सभी नेताओं की जिम्मेदारी भी तय की गई है। चाहे डॉ. रमन सिंह हों, धरमलाल कौशिक हों, विष्णुदेव साय हों या फिर किसी मंडल के अध्यक्ष या आम कार्यकर्ता, सभी को अपने-अपने बूथ को मजबूत करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनाव जीतने का मूलमंत्र होता है। ऐसे में हर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आगे बढ़ेगा।

### बूथों पर होगी समीक्षा, मजबूत संगठन पर जोर

बूथ को मजबूत करने को लेकर बुधवार को प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों की एक वर्चुअल बैठक भी हुई थी। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने बताया कि भाजपा की कार्य विस्तार योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत 5 से 20 मई तक जिला, मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथों पर जाकर भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता समीक्षा करेंगे। बूथ को मजबूत करने वहां जनप्रतिनिधियों से बात करेंगे। इस अभियान के तहत प्रत्येक पदाधिकारी को कम से कम 10 दिन प्रदेश संगठन द्वारा मिली जिम्मेदारी को पूरा करना है, इसके लिए 15 दिनों का समय निर्धारित किया गया है।

### पूरा अभियान नेताओं की इच्छाशक्ति पर केंद्रित

बता दें कि राज्य के 90 विधानसभा में 23 हजार से अधिक बूथ हैं। प्रदेश भाजपा ने इस योजना के तहत सबसे कमजोर बूथों को चिन्हित किया है, जिसकी संख्या दो हजार से ज्यादा है। हालांकि कमजोर बूथों के अलावा भाजपा नेता ऐसे बूथों में भी जाएंगे, जहां 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ था। भाजपा नेताओं का कहना है कि पूरा अभियान नेताओं की इच्छाशक्ति पर केंद्रित है। यदि नेता ही अपने बूथों पर जाकर समीक्षा कर लेंगे तो बूथ कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा।

# स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी बनीं उज्ज्वला बघेल छत्तीसगढ़ की दो बिजली कंपनियों का होगा विलय

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) का चार्ज उज्ज्वला बघेल ने संभाल लिया है। राज्य शासन के ऊर्जा विभाग ने आगामी आदेश तक उन्हें प्रबंध निदेशक पदस्थ किया है। छत्तीसगढ़ शासन ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के होल्डिंग कंपनी का विलय छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में करने का निर्णय लिया है। विलय के बाद गठित छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की उज्जवला पहली प्रबंध निदेशक होंगी।

छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग से जारी आदेश के अनुसार श्रीमती बघेल के शेष प्रभार यथावत रहेंगे। बिजली कंपनी के विलय का पूरा प्रबंधन उज्जवला ही देखेंगी। पदभार ग्रहण करने के बाद श्रीमती बघेल ने कहा कि राज्य शासन व ऊर्जा विभाग द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा करूंगी। बता दें कि इस पद पर वे एसडी तैलंग की जगह लेंगी। जून-2021 जून में तैलंग को राज्य पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी का एमडी नियुक्त किया गया था। उनका एक साल का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही उज्ज्वला को प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी दे दी गई है।

### विलय को कैबिनेट की मंजूरी, अब तीन कंपनियां रहेंगी

छत्तीसगढ़ में अभी बिजली क्षेत्र में 5 सरकारी कंपनियां हैं। घाटे में चल रही 2 कंपनियों के विलय की योजना है। 1 मई को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में विलय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के मुताबिक स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी का विलय स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी में कर दिया जाएगा। वहीं पॉवर ट्रेडिंग कंपनी का विलय स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में किया जाएगा। विलय के बाद प्रदेश में 3 सरकारी बिजली कंपनियां रह जाएंगी।

द्रोणिका के प्रभाव से बदला मौसम का मिजाज

# छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा व अंधड़ चलने की संभावना

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ रही है। वहीं मौसम का मिजाज भी बदल रहा है। बुधवार को सुबह से तेज धूप रही तो शाम को बिलासपुर व सरगुजा संभाग के कई जिलों में अंधड़ के साथ बारिश हुई। गुरुवार को द्रोणिका के प्रभाव से प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने का अलर्ट जारी किया है। मौसम में आए बदलाव से राहत मिलेगी, लेकिन अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। आगामी दो-तीन दिनों तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक द्रोणिका पंजाब से बंगलादेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका पूर्वी विदर्भ से अंदरूनी तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। इसके प्रभाव से 5 मई को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने की भी संभावना जताई है।

### कोरिया, बलरामपुर सहित कई जिलों में हुई बारिश

छत्तीसगढ़ के उत्तर-पश्चिमी जिलों में बुधवार को बारिश हुई। कोरिया, बलरामपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में तेज अंधड़ के साथ पानी बरसा। सरगुजा संभाग के अधिकतर जिलों में कहीं धूप कहीं छांव जैसा मौसम रहा। कई जिलों में बरसात की वजह से तापमान में गिरावट आई है। प्रदेश में कहीं भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया है। हालांकि दोपहर तक तेज धूप रही। अपरान्ह करीब 3 बजे से मौसम में बदलाव शुरू हुआ। सरगुजा और बिलासपुर संभाग के कुछ जिलों में अंधड़ चलने की वजह से गांवों-कस्बों में पेड़ की डालियां टूट गई, जिसकी वजह से बिजली बाधित हुई।



## संपादकीय

# महंगाई पर लगे लगाम

भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई को कम करने के लिए महीनों इंतजार के बाद एक कदम उठाया है, जिस पर स्वाभाविक ही मिश्रित प्रतिक्रिया हो रही है। गौरतलब है कि मई 2020 से ही रिजर्व बैंक रेपो रेट को स्थिर रखे हुए था। कोरोना के शुरुआती दिनों में जब लॉकडाउन लगा था और उसके दुष्परिणाम सामने आने लगे थे, तब रिजर्व बैंक ने यह फैसला लिया था कि वह रेपो रेट को स्थिर रखेगा। रेपो रेट को स्थिर या न्यूनतम चार प्रतिशत पर रखने का मकसद था, बैंकों को आसानी से पर्याप्त नकदी मुहैया कराना। अब जब रेपो रेट में बढ़ोतरी कर दी गई है, तब बैंक पहले की तुलना में कम नकदी या पैसे रिजर्व बैंक से उधार लेंगे। इससे बैंकों के पास जब नकदी की कमी होगी, तब वे भी ब्याज बढ़ाएंगे या अगर ब्याज नहीं बढ़ाया, तो ऋण देने में कमी करेंगे। ऋण देने में जब कमी आएगी, तब बाजार में अनेक वस्तुओं, जमीन-जायदाद की खरीद में भी कमी आएगी। जब खरीद में कमी आएगी, तब महंगाई भी कम होगी।

> “ बढ़ती कीमतों का असर हरेक आदमी और हर कंपनी पर पड़ रहा है। रिजर्व बैंक के लिए भी यह बहुत जरूरी है कि वह जहां देश के विकास की रफ्तार को सुनिश्चित रखे, वहीं तेज महंगाई पर भी लगाम लगाए।

हम देख रहे हैं कि बुधवार को शेयर बाजार में भी खरीद में कमी आई है। रिजर्व बैंक ने जैसे ही रेपो रेट को 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.40 किया, वैसे ही शेयर बाजार में बिकवाली चालू हो गई। मतलब शेयरों को खरीदने की तुलना में शेयरों को बेचने की होड़ मच गई। रेपो रेट बढ़ने के बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। बॉम्बे शेयर बाजार मतलब बीएसई 1,306 अंक से ज्यादा गिर गया और 55,669 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी 408 अंक गिरकर 16,668 पर बंद हुआ। यह कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय शेयर बाजार में तेजी लगातार बनी हुई है। जब बुरा दौर चल रहा था, तब भी भारतीय शेयर बाजार में तेजी दिख रही थी, क्योंकि मौद्रिक नीतियां ऐसी थीं कि निवेशकों को जरूरत से ज्यादा सहूलियत हो रही थी। बहुत से लोग कोरोना के विकट दौर में भी मालामाल हुए हैं और महंगाई भी लगातार बढ़ रही है। अत: आज के समय में शेयर बाजार में अगर रेपो रेट में कमी की वजह से गिरावट आती है, तो इसे बहुत गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। चंद उद्यमियों के मालामाल होने या शेयरों के जोर पर अरबपतियों की संख्या बढ़ने से देश के आम लोगों को कोई विशेष लाभ नहीं है। हो सकता है, गुरुवार और शुक्रवार को भी शेयर बाजार में गिरावट का दौर रहे, इसलिए निवेशकों के व्यवहार पर नजर रखने की जरूरत है।

देश में फरवरी महीने से ही महंगाई को लेकर चिंता जताई जा रही है। भारत में खुदरा महंगाई दर पिछले 17 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। ऐसे में, विगत दो महीने से रिजर्व बैंक से यह उम्मीद की जा रही थी कि वह रेपो रेट बढ़ाएगा, ताकि महंगाई से लोगों को कुछ राहत मिलेगी। ज्यादातर अर्थशास्त्री यह तय मान रहे थे कि भारतीय रिजर्व बैंक रेपो रेट बढ़ाएगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की प्रशंसा करनी चाहिए कि उन्होंने बढ़ती महंगाई पर ध्यान देते हुए रेपो रेट में करीब दो साल बाद यह बदलाव किया है। केंद्रीय बैंक को पूरी अर्थव्यवस्था को समग्रता में देखना चाहिए। जहां अमीरों या निवेशकों के साथ न्याय जरूरी है, वहीं सबसे ज्यादा जरूरी है, कीमतों को नियंत्रण में रखना। बढ़ती कीमतों का असर हरेक आदमी और हर कंपनी पर पड़ रहा है। रिजर्व बैंक के लिए भी यह बहुत जरूरी है कि वह जहां देश के विकास की रफ्तार को सुनिश्चित रखे, वहीं तेज महंगाई पर भी लगाम लगाए।

# इस्लाम में एक ही बीवी आदर्श है

एक मुस्लिम महिला ने बड़ी हिम्मत का काम किया है। उसने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका लगाकर मांग की है कि किसी भी मुसलमान के लिए दूसरी शादी करने के पहले अपनी पहली बीवी की इजाजत लेना जरुरी हो। उसकी दूसरी मांग यह है कि दूसरी शादी के पहले उसके पास किसी न्यायाधीश का लिखित प्रमाण पत्र होना भी आवश्यक हों कि वह दोनों बीवियों को एक समान रख सकेगा। अदालत ने इस मुद्दे पर विधि मंत्रालय और अल्पसंख्यक आयोग की राय जानने का भी निर्देश जारी किया है।

इस मुस्लिम महिला के वकील ने पाकिस्तान में 1961 में पारित एक कानून का हवाला देते हुए कहा है कि वहां दूसरी शादी करने के लिए अपनी पहली बीवी की इजाजत लेना और दोनों या सभी बीवियों के साथ समान व्यवहार की गारंटी देना जरुरी है। भारत में सरकार समान नागरिकता कानून लाने का ढ़िढौरा पीटती रहती है लेकिन औरतों की आजादी के मामले में वह पाकिस्तान से भी फिसड्डी है। भारत किसी इस्लामी देश से भी ज्यादा इस्लामी बना हुआ है।

**वेद प्रताप वैदिक**

> **“ यदि सूक्ष्म उद्योगों के लिए अलग और लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए अलग मंत्रालय का गठन कर दिया जाए, तो न सिर्फसूक्ष्म उद्योगों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि यहां मांग भी बढ़ जाएगी। सरकार को प्रत्यक्ष करों की दरें बढ़ानी चाहिए और परोक्ष करों को समर्थन देना चाहिए। अगर ये कुछ कदम भी उठाए जाएंगे, तो हमारी अर्थव्यवस्था कहीं तेजी से पटरी पर लौट सकती है।**

अरुण कुमार, अर्थशास्त्री

# पटरी पर आती अर्थव्यवस्था का सच

इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ी दो खबरें सुर्खियों में हैं। पहली यह कि भारतीय रिजर्व बैंक ने 2021-22 की मुद्रा एवं वित्त संबंधी रिपोर्ट में कहा है कि कोरोना-काल में देश की अर्थव्यवस्था को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई में 10 साल से भी अधिक का वक्त लग सकता है। दरअसल, कोविड-19 से पहले हमारी अर्थव्यवस्था तकरीबन चार फीसदी सालाना की दर से बढ़ रही थी। इसलिए अनुमान लगाया गया है कि बीते दो वर्षों में यह कम से कम आठ फीसदी और बढ़ जाती, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, और अब इसकी भरपाई में तकरीबन 13 साल का समय लग सकता है। दूसरी खबर एलआईसी के आईपीओ से जुड़ी है, जिसके माध्यम से सरकार तकरीबन 21 हजार करोड़ रुपये कमा सकती है। यह आईपीओ कल खुल गया और निवेशकों ने इसकी तरफअच्छा रुझान दिखाया है।

इन दोनों खबरों में कई किंतु-परंतु हैं। मगर अहम सवाल यह है कि क्या हमारी अर्थव्यवस्था 2019 के स्तर को पार कर चुकी है? आधिकारिक आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं, लेकिन इसमें कई पेच भी हैं। मसलन, ये आंकड़े सिर्फ संगठित क्षेत्र के हैं, जबकि हमारी अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र के हवाले है। फिर, संगठित क्षेत्र में भी पर्यटन, होटल, रेस्तरां जैसे 'कॉन्टेक्ट सर्विस' का हाल अब तक बुरा है। रिजर्व बैंक ने 1,500 कंपनियों का सैंपल लेकर अनुमान लगाया है कि 20-24 फीसदी की दर से यह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। अगर मान भी लें कि यह सैंपल शेयर बाजार में सूचीबद्ध 6,000 कंपनियों का प्रतिनिधित्व कर रहा है, पर यह नहीं कहा जा सकता कि यह देश के छह करोड़ सूक्ष्म उद्योगों का भी चेहरा है। चूंकि कोरोना-काल में मांग असंगठित क्षेत्र से छिटककर संगठित क्षेत्र के पाले में चली गई, इसलिए हमारी खुशहाली की खबर सही नहीं है।



देश की आर्थिकी का पता इससे भी चलता है कि अभी हमारा 'कंज्यूमर कॉन्फिडेंश' 71.7 है, जबकि महामारी से पहले यह 104 था। यह सूचकांक अपनी अपेक्षित आर्थिक स्थिति को लेकर उपभोक्ता के आशावादी या निराशावादी होने का संकेत है। चूंकि यह सूचकांक अब भी 2018-19 के स्तर तक नहीं पहुंच पाया है, इसलिए हमारी अर्थव्यवस्था के 2019 के स्तर पर पहुंचने की पूरी मुनादी नहीं की जा सकती।

तो, क्या सरकार के पास साधन नहीं है? असल में, सरकार की कमाई दो तरह से होती है। पहला रास्ता टैक्स, यानी करों का है, जबकि कमाई का दूसरा हिस्सा सरकारी कंपनियों के लाभांश, स्पेक्ट्रम आदि की नीलामी, विनिवेश से प्राप्त होने वाले राजस्व हैं, जिसे 'नॉन-टैक्स रेवेन्यू' कहते हैं। हालांकि, विनिवेश को सरकार की कमाई नहीं मानना चाहिए। यह ठीक वैसा ही है, जैसे कोई अपना एक घर बेचकर दूसरा घर खरीदे। यह शुद्ध निवेश नहीं है। अलबत्ता, इसमें 'कैपिटल स्टॉक' कम होता है। इस साल के बजट में सरकार ने 7.5 लाख करोड़ रुपये के 'कैपिटल इन्वेस्टमेंट' का लक्ष्य रखा है। पवनहंस, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के बाद एलआईसी का आईपीओ इसी कवायद का हिस्सा है। मगर यह संपत्ति के चरित्र में बदलाव है। इसके उलट, अगर विनिवेश से मनमाफिक पैसे नहीं जुटाए जा सके, तो 'कैपिटल स्टॉक' का हमें नुकसान होता है, जैसे पवनहंस के मामले में हुआ।

देखा जाए, तो कोरोना महामारी का असर दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ा है। कमोबेश सभी मुल्कों ने कर्ज लेकर खर्च किए हैं। यह करना उनकी मजबूरी भी थी, क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया जाता, तो बाजार में मांग और कम हो जाती। अमेरिका में इसलिए सुधार कहीं तेजी से हो सके, क्योंकि उसने जितनी राशि अर्थव्यवस्था में झोंकी, वह उसकी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की करीब 20 फीसदी थी। हमने भी तकरीबन तीन लाख करोड़ रुपये अपनी अर्थव्यवस्था के हवाले किए, पर यह हमारी जीडीपी का महज 1.5 प्रतिशत था। यही वजह है कि हमारे यहां मांग में तेजी नहीं आ सकी। हमने 'सप्लाई-साइड' नीति अपनाई, न 'मांग-साइड'। यहां तक कि साल 2019 में हमने यह सोचकर कॉरपोरेट टैक्स की दरों को कम किया कि कंपनियां बचे पैसों का निवेश करेंगी, लेकिन दूरसंचार, आईटी, फार्मा जैसे क्षेत्रों के अलावा तमाम कंपनियां मांग की कमी से जूझती रहीं और उन्होंने निवेश से परहेज किया। नतीजतन, महामारी से पहले हमारा निवेश प्रतिशत 36 के करीब था, जो 32 पर पहुंच गया।

ऐसे में, कमाई कैसे बढ़ाई जाए? इसके लिए सरकार को विशेषकर गरीबों को रोजगार मुहैया कराना होगा। रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि महामारी के दौरान बेशक मनरेगा का बजट बढ़ाकर 1.1 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था। इसमें लाभार्थी को महज 45 दिनों का काम मिला, जबकि दिनों की संख्या कम से कम 100 होनी चाहिए। साफ है, मनरेगा में पैसा लगभग दोगुना करना होगा। इसी तरह, शहरी रोजगार गारंटी योजना पर भी ध्यान देना होगा, जिसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, शहरी ढांचागत विकास आदि पर खर्च बढ़ाना होगा।

सूक्ष्म उद्योगों को जीएसटी से होने वाली परेशानी भी दूर करनी होगी। संभव हो, तो इसको 'लास्ट-प्वॉइंट टैक्स' बना दिया जाए, यानी जब उत्पाद उपभोक्ता के हाथों में पहुंचे, तभी एकमात्र कर लगे। इससे इनपुट क्रेडिट देने की परंपरा खत्म हो सकती है, जिसका लघु व सूक्ष्म उद्योग को काफी नुकसान हुआ है। देश के सूक्ष्म उद्योग तकनीकी अभाव, कर्ज न मिलना और मार्केटिंग न कर पाने की जैसी विवशताओं से भी जूझ रहे हैं। इसके लिए सहकारी संस्थाएं बननी चाहिए। यह जानना दिलचस्प है कि एमएसएमई सेक्टर में 99 फीसदी हिस्सा सूक्ष्म उद्योगों का ही है, पर इस क्षेत्र के लिए होने वाली सरकारी घोषणाएं अमूमन लघु व मध्यम उद्योग के खाते में चली जाती हैं। यदि सूक्ष्म उद्योगों के लिए अलग और लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए अलग मंत्रालय का गठन कर दिया जाए, तो न सिर्फसूक्ष्म उद्योगों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि यहां मांग भी बढ़ जाएगी। सरकार को प्रत्यक्ष करों की दरें बढ़ानी चाहिए और परोक्ष करों को समर्थन देना चाहिए। अगर ये कुछ कदम भी उठाए जाएंगे, तो हमारी अर्थव्यवस्था कहीं तेजी से पटरी पर लौट सकती है।


**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

आनंद एन मालवीय, वरिष्ठ चिकित्सक

# पुराने दर्द का पुख्ता इलाज खोजने की बढ़ी जरूरत

पुराना दर्द किसी भी अन्य बीमारी की तरह ही एक वास्तविक बीमारी है। सरल शब्दों में कहें, तो पुराना दर्द वह है, जो 12 सप्ताह से अधिक समय तक शरीर में बना रहता है। वास्तव में, पुराने दर्द के संकेत शरीर के तंत्रिका तंत्र में हफ्तों, महीनों और वर्षों तक सक्रिय रहते हैं। पुराने दर्द के बारे में एक बड़ी गलत धारणा है कि यह किसी अज्ञात चोट, सूजन या बीमारी के कारण होता है, और उपचार और राहत के लिए आराम की जरूरत पड़ती है। हाल की प्रगति, हालांकि, सुझाव भर देती है कि पुराना दर्द ज्यादातर असामान्य तंत्रिका संकेतन का एक परिणाम है, जिसके कई आयाम होते हैं और इसलिए एक बहुआयामी उपचार की जरूरत पड़ती है।

ज्यादातर डॉक्टरों के पास पुराने दर्द को लेकर समझ और उपचार के विकल्पों की कमी होती है और वे सिर्फदवाओं पर भरोसा करते हैं, जिसके चलते अक्सर अप्रमाणित और हानिकारक दवाओं पर अधिक निर्भरता हो जाती है। महंगी और अप्रमाणित न्यूरो-मॉड्यूलेशन तकनीक पर निर्भरता बढ़ती जाती है। इस अति-निर्भरता के पीछे आक्रामक दवा उद्योग भी है। फिजियोथेरेपी व मनोविज्ञान जैसी बहु-विषयक सेवाओं तक पहुंच की कमी भी जिम्मेदार है। जहां लोगों को राहत मिल सकती है, वहां तक वे नहीं पहुंच पाते हैं। दर्द निवारण के तरह-तरह के पैकेज के चक्कर में पड़ जाते हैं।



पुराने दर्द के उपचार में नशीले पदार्थ भी एक विकल्प दर्शाते हैं, पर इससे उपचार एक गरीब या मध्य आय वाले देश के लोगों के लिए बहुत महंगे साबित हो सकते हैं। इसके अलावा नशीले पदार्थों का दुरुपयोग भी हो सकता है। अमेरिका में कुछ उदाहरण हैं, जो यह बताते हैं कि दवा कंपनियों ने इस उपचार पद्धति का कितना दुरुपयोग किया है। नशीले पदार्थ विनाशकारी हो सकते हैं, उनके दुरुपयोग और लत की बहुत आशंका रहती है। कुछ कंपनियों के गलत काम और नशीले पदार्थों से जुड़े संकट की वजह से अब जो व्यवस्था है, उसमें ये पदार्थ अब कैंसर मरीजों को भी अमेरिका में सहजता से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

हमें पुराने दर्द को ठीक करने के लिए चिकित्सकीय विकल्पों पर एक गहन चर्चा को बढ़ावा देना चाहिए। जोखिम और लाभ, दोनों की विवेचना करनी चाहिए। साथ ही, रोगियों को आसानी से समझाने के लिए पुराने दर्द को 'नाम' दिया जाना चाहिए। डॉक्टरों को मरीजों को यह बताना चाहिए कि वे किस तरह से पीड़ित हैं। मरीजों को उनकी अपनी भाषा में समझाना चाहिए, यहां विज्ञान की गूढ़ भाषा खास कारगर नहीं हो सकती। ऐसी बातों से बचना चाहिए, जिनसे मरीजों की चिंता बढ़ जाए। मरीजों को समझाना चाहिए कि आपके दर्द को दूर किया जाएगा। महंगी इमेजिंग और रक्त जांच की जरूरत नहीं है।

अब जब घर-घर में ही पुराने दर्द के मरीज होने लगे हैं, तब जरूरी है कि समाज को समर्पित दर्द निवारक केंद्र या 'पेन क्लिनिक' की स्थापना जगह-जगह की जाए। जहां इलाज के लिए बहुआयामी टीम हो। 'पेन क्लिनिक' की टीम में फिजियोथेरेपिस्ट, नैदानिक मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, पेशेवर चिकित्सक, दर्द विशेषज्ञ और रुमेटोलॉजिस्ट शामिल होने चाहिए। महत्वपूर्ण रूप से इन विशेषज्ञों को नोसिप्लास्टिक दर्द से नोसिसेप्टिव दर्द को अलग करने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। पुराने दर्द को दूर करने के लिए एक अन्य पहलू यह होगा कि नोसिप्लास्टिक दर्द के इलाज में कारगर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। अन्य एंटी-डिप्रेसेंट, कम खुराक में देना चाहिए। साथ ही, गैर-स्टेरॉयडल विरोधी भड़कीली दवाओं से बचा जाना चाहिए, क्योंकि वे कारगर नहीं हैं। पैरासिटामोल जैसी साधारण दर्द-निवारक दवाओं से भी बचना चाहिए, क्योंकि वे प्रभावी नहीं होती हैं।

दर्द की स्थिति में कुछ पश्चिमी देशों ने भांग के सीमित प्रयोग को मंजूरी दी है। आमतौर पर आयुर्वेदिक चिकित्सक इस विधि का प्रयोग करते हैं। यहां खतरा यह है कि इसके दुरुपयोग की बड़ी आशंका है। ऐसे में, डॉक्टरों को उपचार के लिए दवाओं का एक सेट तैयार करना होगा। भांग का भारत से गहरा और पुराना नाता है। भांग अगर लोगों को गाढ़े दर्द से राहत दे सकता है, उसके औषधीय गुणों का वैज्ञानिक रूप से दवा वैज्ञानियों को अध्ययन करना चाहिए। ऐसी दवाओं को सामने लाना जरूरी है, जो पुराने दर्द, खासकर नोसिप्लास्टिक पेन, से मरीजों को राहत दिला सकें। ऐसी दवाएं बनाने की कोशिश करनी चाहिए, जिनका अल्प समय या ज्यादा समय तक प्रयोग करने से किसी पर कोई दुष्प्रभाव न पड़े। परीक्षण के लिए दर्द के पुराने रोगियों को एकत्र करना होगा, ताकि दवा को कारगर बनाया जा सके। यह भी देखना होगा कि ऐसी दवाओं का दुरुपयोग न हो।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





चरणों में बूला
लो भगवन अपने
व्याकुल हैं मन,
प्रार्थना सुन लो
अब मेरी
भगवन।

-अंजली जैन
7024460938

# सिद्धू, पीके का ठीकरा प्रियंका पर

कांग्रेस कमाल की पार्टी है। खत्म होने की कगार पर है लेकिन पार्टी के अंदर न साजिशें थम रही हैं और न गुटबाजी। कांग्रेस नेताओं का एक खेमा पहले दिन से प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ साजिश में लगा हुआ है और अब पिछले तीन साल में हुई तमाम गड़बड़ियों का ठीकरा उनके ऊपर फोड़ रहा है। हैरानी की बात है कि बहन के साथ बेइंतहां दोस्ती और प्रेम दिखाने वाले राहुल गांधी भी इस पर चुप हैं। असलियत यह है कि अपने को राहुल गांधी का करीबी बताने वाले नेता ही इस काम में लगे हैं।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कुछ नेताओं की ओर से मीडिया में यह खबर प्लांट कराई जा रही है कि प्रशांत किशोर को कांग्रेस में लाने का प्रयास प्रियंका गांधी वाड्रा का था। मीडिया में कुछ लोगों को बताया गया कि प्रियंका ही पहले भी उनको लेकर आई थीं और दूसरी बार भी उन्हीं के कहने से प्रशांत ने अपना प्रेजेंटेशन तैयार किया और कांग्रेस को दिखाया। इसी खेमे ने यह प्रचार कराया कि प्रशांत किशोर ने प्रियंका को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव दिया था, जिसका खंडन खुद प्रशांत को करना पड़ा। असल में उन्होंने राहुल या प्रियंका में किसी को अध्यक्ष नहीं बनाने की सलाह दी थी। बहरहाल, पूरे पीके प्रकरण का ठीकरा प्रियंका पर फोड़ कर राहुल खेमे के नेता इस बात का श्रेय ले रहे हैं कि उन्होंने कांग्रेस को बचा लिया।

इसके साथ ही पंजाब के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के प्रकरण का ठीकरा भी प्रियंका पर फोड़ा जा रहा है। कहा जा रहा है कि प्रियंका ही सिद्धू को लेकर आई थीं और उन्हीं की जिद पर उनको प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया। उसके बाद की कहानी सब जानते हैं कि किस तरह सिद्धू ने पूरी पार्टी को निपटा दिया। इसके लिए प्रियंका को जिम्मेदार बताने वाली राहुल की टीम के सदस्य मीडिया में यह भी खबर प्लांट कर रहे हैं राहुल के करीबी राजा अमरिंदर सिंह बरार को प्रदेश अध्यक्ष बना कर उस गलती को ठीक किया गया है।

पिछले तीन साल की कांग्रेस की हार और गड़बड़ियों का ठीकरा प्रियंका पर फोड़ने के लिए लोकसभा चुनाव का मुद्दा भी निकाला गया और याद दिलाया जा रहा है कि कैसे प्रियंका ने अमेठी और रायबरेली में चुनाव लड़वाया और राहुल को अमेठी जैसी सीट से नहीं जीता सकीं।




स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239





















COMMERCE GURU
"सफलता का गुरु मंत्र"
Specialized Institute for...
CA Chartered Accountant
CMA Cost & Management Accountant
B.Com Bachelor of Commerce
11th/12th Commerce Class
BBA Bachelor of Business Administration
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 9644454810

# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### सफाई व्यवस्था की जानकारी लेने महापौर के साथ इंदौर पहुंची रायपुर पार्षदों की टीम

**रायपुर।** सफाई में नंबर वन इंदौर के स्वच्छता मॉडल को देखने के लिए रायपुर नगर निगम की टीम इंदौर पहुंची हुई है। यहां की सफाई व्यवस्था को देखने के लिए रायपुर के महापौर, सभापति, नेता प्रतिपक्ष के साथ बीजेपी-कांग्रेस के सभी पार्षद और अधिकारी पहुंचे है। तीन दिनों तक रायपुर नगर निगम दल इंदौर की सफाई व्यवस्था के तहत डोर टू डोर कचरा संग्रहण, ट्रैंचिंग ग्राउंड, बायो सीएनजी प्लांट का जायदा लेने के साथ ही इंदौर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर सफाई के मॉडल को समझेंगे। वहीं रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने बताया कि रायपुर में स्वच्छता को लेकर काम किया जा रहा है। लेकिन इंदौर का सफाई मॉडल देश भर में विख्यात है। लिहाजा, यहां की व्यवस्था को समझ कर रायपुर में भी इसी तरह की व्यवस्था की जाएगी। फिलहाल, रायपुर में स्वच्छता को लेकर लोगों में जागरुकता की कमी है। जिसे बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। ये दल राजनीति से ऊपर उठकर रायपुर के विकास के लिए यहां आया है।

### हाईकोर्ट से सहायक उप निरीक्षक का एक पद सुरक्षित रखने का आदेश जारी

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट की डबल बैंच ने राज्य शासन और पुलिस विभाग को एएसआई पद पर होने वाली पदोन्नति में एक पद सुरक्षित रखने का आदेश जारी किया है। जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी के डिवीजन बैंच ने यह आदेश रायपुर जिले में पदस्थ हेड कांस्टेबल सरजू राम यादव की अपील याचिका पर सुनवाई कर जारी किया। याचिकाकर्ता की ओर से मामले में पैरवी अधिवक्ता अनादि शर्मा ने की। इस मामले की सुनवाई पूर्व में 22 अप्रैल को जस्टिस पी. सैम कोशी की एकलपीठ में हुई थी। तब एकलपीठ ने राज्य सरकार और पुलिस विभाग को निर्देश जारी करते हुए कहा था कि जारी होने वाली हेड कांस्टेबल से सहायक उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति की सूची इस प्रकरण में पारित होने वाले निर्णय के अधीन रहेगी। इसके अलावा कोर्ट को उन्होंने यह भी बताया कि पदोन्नति परीक्षा से एक दिवस पहले जारी हुई योग्यता सूची में अपीलार्थी का नाम जारी नहीं किया गया था। जबकि इसके पहले अपीलार्थी के दावा आपत्ति के निराकरण के बाद उनका नाम योग्यता सूची में जोड़ा गया था।

## भेंट-मुलाकात अभियानः शंकरगढ़ में खुलेगा कृषि महाविद्यालय- भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात अभियान के पहले दिन सामरी विधानसभा क्षेत्र के कुसमी के बाद दूसरे पड़ाव शंकरगढ़ रहा। जहां उन्होंने शंकरगढ़ के जनपद कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पोषण पुनर्वास केन्द्र का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने आमजनता से भेंट-मुलाकात के दौरान शंकरगढ़ में कृषि महाविद्यालय खोलने की घोषणा की।



उन्होंने जगिमा, पटना होकर कोदोडीपा एनएच-343 के बीच वनभूमि में करीब 7 किमी. सड़क के डामरीकरण, गलफुल्ला नदी में बने पुल की ऊंचाई बढ़ाने, धारानगर से हरिलेटा पहुंच मार्ग पर बिछरी नदी पर पुल निर्माण, ग्राम पोंड़ी खुर्द से जिला जशपुर के ग्राम सुलेशा के बीच दनगरी घाट तक करीब 12 किमी सड़क निर्माण की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने कहा, जोगापाठ की पांच ग्राम पंचायतों में जहां बिजली नहीं पहुंची है, वहां बिजली प्रदाय की व्यवस्था की जायेगी। मुख्यमंत्री ने महुआडीह से भरतपुर के बीच सड़क निर्माण की भी स्वीकृति दी।

मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान एनआरसी में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में चिकित्सकों और अभिभावकों से जानकारी ली और बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर चिकित्सकों को हिदायत दी की सभी आवश्यक दवाईयां अस्पताल में उपलब्ध रहे। सभी चिकित्सक जेरेरिक दवाईयां ही लिखे। अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को उपचार की सुविधा मिले। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर ओपीडी में उपस्थित रहकर मरीजों का उपचार करें। उन्होंने अस्पताल में सभी जरूरी उपकरणों को चालू हालत में रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जनपद पंचायत कार्यालय का भी आकस्मिक निरीक्षण किया और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने शंकरगढ़ में जनपद पंचायत कार्यालय के निरीक्षण के दौरान वहां के अधिकारियों से पेंशन भुगतान के बारे में पूछा। उन्होंने जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत कितने लोगों को कौन-कौन से पेंशन मिल रहा है, इसकी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से मुख्यमंत्री पेंशन कैसे स्वीकृत करते हैं इसके बारे में भी पूछा। अधिकारियों ने बताया कि जनपद पंचायत क्षेत्र में मार्च 2022 तक के पेंशन का भुगतान हो चुका है। मुख्यमंत्री ने पेंशन भुगतान के तरीकों के बारे में भी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि बैंक खातों के माध्यम से, बैंक सखियों के माध्यम से और पात्र हितग्राहियों को पेंशन का भुगतान नगद भी किया जा रहा है।

## हर महीने के पहले गुरूवार को होगा सियान जतन क्लीनिक का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश के आयुर्वेदिक चिकित्सालयों और केन्द्रों में हर महीने के पहले गुरूवार को सियान जतन क्लीनिक का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार 5 मई को इन अस्पतालों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों का निःशुल्क जाँच एवं उपचार किया जाएगा।

आयुष संचालनालय के सहायक संचालक डॉ. विजय साहू ने बताया कि 7 अप्रैल 2022 से आयुष संचालनालय द्वारा नवाचार के रूप में प्रदेश के वृद्धजनों की सेहत की देखभाल के लिए आयुर्वेद के माध्यम से वृद्धावस्था में उत्पन्न होने वाले शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से पीड़ित वृद्धों को विशेष ओपीडी एवं पंचकर्म की सेवाएं राज्य के आयुर्वेदिक अस्पतालों में प्रदान की जा रही है। डॉ. साहू ने बताया की 5 मई 2022 को प्रदेश के रायपुर एवं बिलासपुर आयुर्वेदिक कॉलेज चिकित्सालय एवं दुर्ग, रायगढ़, बालोद, सरगुजा व बस्तर जिला आयुर्वेदिक अस्पताल, रायपुर, रायगढ़, बालोद, बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर, कोरबा, धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव, कबीरधाम, सूरजपुर, कोरिया, जशपुर और कांकेर जिले के 22 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर्स एवं रायपुर, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, कोरबा, जांजगीर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा व कांकेर जिले के 15 जिला अस्पतालों में संचालित आयुष विंग में सियान जतन क्लीनिक आयोजित किए जाएंगे। सियान जतन क्लीनिक में उपचार के लिए आए बुजुर्गों का विस्तृत विवरण भी इन चिकित्सालयों में संधारित किया जा रहा है। जिससे कि जरूरत पड़ने पर इन मरीजों का फॉलोअप भी किया जाएगा। डॉ. साहू ने बताया की पूर्व में संचालित सियान जतन क्लीनिकों में 60 वर्ष से अधिक आयु के 906 बुजुर्गों का ईलाज किया गया था।

## अधिवक्ता बाबूलाल बने संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर के अध्यक्ष

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** विगत दिनों संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर की आमसभा बिलासपुर के जूनी लाईन स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित की गई थी। बैठक का शुभारंभ अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन के तैल चित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। बैठक की अध्यक्षता दीपक मोदी बिलासपुर ने की।

आमसभा में विभिन्न विषयों में विस्तृत चर्चा उपरांत उचित निर्णय लिये गये। वित्तीय वर्ष 2021-22 का आय-व्यय का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया। आमसभा के अगले सत्र में बिलासपुर के राजकुमार अग्रवाल ने चुनाव अधिकारी के रूप में निर्वाचन की प्रक्रिया को विधिवत संपन्न कराते हुए रायगढ़ के अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल को संभागीय अग्रवाल महासभा, बिलासपुर का नया अध्यक्ष घोषित किया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ स्तरीय अग्रभूषण पुरस्कार से सम्मानित अग्रवाल मित्र सभा रायगढ़ के अध्यक्ष एडव्होकेट बाबूलाल अग्रवाल अग्रसेन सेवा संघ रायगढ़, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, अंतर्राष्ट्रीय वैष्य महासम्मेलन के विभिन्न पदों पर कार्यरत है। आमसभा में नये अध्यक्ष के रूप में अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल के मंचाधीन होते ही करतल ध्वनि के साथ पुष्पाहार, गुलदस्ता के साथ स्वागत किया गया। दिनों में सभी के सहयोग से मजबूत बनाते हुए नये पदों की जिम्मेदारी सदस्यों को दी जावेगी।

## कुसमी की महिलाएं बन रही हैं स्वावलंबी

### स्थानीय उत्पादों के जरिए कर रही हैं आर्थिक तरक्की

### मुख्यमंत्री को महिला समूह की सदस्यों ने भेंट किए प्राकृतिक उत्पाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाएं भी राज्य के हर हिस्से में स्वसहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक तरक्की की नई राह तैयार कर रही हैं।

इनमें छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर बसे कुसमी जैसे क्षेत्र की महिलाएं भी शामिल हैं। आज बलरामपुर जिले में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान सामरी क्षेत्र की सीता महिला



स्वसहायता समूह एवं कुसमी क्षेत्र की दुर्गा महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

महिलाओं के द्वारा मुख्यमंत्री को समूह द्वारा बनाए गए उत्पादों से भरी एक टोकरी गिफ्ट की गयी। इस टोकरी में रागी का आटा, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, सरसो का तेल एवं इमली अचार रखा हुआ था। महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को उनकी कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन्यवाद देते हुए उनका आभार प्रकट किया।

## मंत्री गुरू रूदकुमार ने गुरूद्वारा पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की समृद्ध और खुशहाली के लिए आर्शीवाद मांगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार आज कबीरधाम जिले के ग्राम डबराभाट में आयोजित तीन दिवसीय संत गुरू घासीदास संत समागम मेला में शामिल हुए। उन्होंने मेला स्थल पर निर्मित गुरूद्वारा पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की समृद्ध और खुशहाली के लिए आर्शीवाद मांगा। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने इस आयोजन के लिए मेला आयोजन समिति को बधाई और शुभकामनाएं दी।



मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने संत शिरोमणि गुरू घासीदास बाबा के जीवन वृत्त और उनके संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के युवाओं को कहा कि सतनाम समाज का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। युवाओं को समाज के उत्थान और संत गुरू घासीदास बाबा के जीवनी तथा उनके संदेशों पर अधारित साहित्यों का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को कहा कि एक समृद्ध और प्रगतिशील समाज की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए शिक्षा को विशेष महत्व दें। शिक्षित होने के साथ-साथ अपने परिवार और आस पड़ोस के समाज के अन्य लोगों को भी शिक्षा से जोड़े। शिक्षा विकास की पहली सीढ़ी है।

हमे शिक्षा को अधिक से अधिक महत्व देना चाहिए और संत गुरू घासीदास बाबा जी के संदेशों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। इस अवसर पर ईश्वर शरण वैष्णव, विरेन्द्र जांगडे, सरपंच श्रीमती भगवती विजय धुर्वे, उपसरपंच अंबुल लक्की केशकर, अर्जुन कोसले, चंद्राहस बंजारे, नीलकंठ ओगरे, राजेश लहरे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## हाट बाजार क्लीनिक योजना का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

जगदलपुर। कलेक्टर रजत बंसल ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना राज्य शासन की विशेष प्राथमिकता वाले एवं अत्यंत महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे आदिवासी बाहुल्य एवं वनाच्छादित जिले में इस योजना की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

बंसल ने कहा कि जिले के सुदूर वनांचल के लोगों के साथ-साथ आम नागरिकों को उनके निवास स्थान के आस-पास बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके इसके लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का समुचित क्रियान्वयन किया जाना आवश्यक है। बंसल आज कलेक्टोरेट जगदलपुर के प्रेरणा कक्ष आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास, आयुक्त नगर निगम प्रेम पटेल सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस योजना के समुचित क्रियान्वयन में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के ओपीडी में आने-वाले मरीजों की संख्या भी समुचित होनी चाहिए। इसके लिए चिकित्सा कर्मियों एवं दवाईयों की उपलब्धता, निर्धारित स्थानों पर चबूतरा निर्माण एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बंसल ने जिले में महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति तथा आम जनता को मिल रहे लाभ की भी समीक्षा की। अधिकारियों को आम जनता की मांगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बंसल ने कहा कि किसी भी स्थिति में आम नागरिकों को बुनियादी समस्याओं से जुझना न पड़े। इसके साथ ही कोई भी पात्र व्यक्ति शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे।

RKMG COMMUNITY
E-Commerce platform for Indians
समस्त व्यापारि भाइयों और बहनों के लिए e-commerce प्लेटफॉर्म है RKMG community जो कि आपको आने वाले समय में मजबूत करेगा compete करने के लिए हर आन लाइन प्लेटफार्म से।
- हम आपको digital franchise बनाएँगे, जहाँ कई branded companies के समान को competitive रेट पर अपने ग्राहक को बेच पाएंगे और अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगे।
- यहाँ अपने ग्राहक को पचास से भी अधिक समान बेच पाएंगे, बिना स्टोक रखे ।
- अपने ग्राहक से पैसे अपने अकाउंट में लेंगे और franchise price काट कर बाकी कम्पनी के ऑडर के लिए देंगे।
- RKMG आप लोगो से रूपए 5000+18% GST Franchise agreement fee लेगी।
- अधिक जानकारी के लिए 7828463843 & 9650145151 पर काल करे।
We are about to launch products live of your interest from 7th of May w®ww. From this day onwards You may Log on to www.rkmg.in/community/inde&.html and you will come to a page "welcome to RKMG community. On that page click on Read more. To buy products and services, click on to ecommerce and you will find all products being displayed. Here you are required to place order for the products at competitive prices as per your choices. You may contact at the below given franchisee for further clarification.
Pradeep Kumar Satpaty

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

FANCY MATTRESS
30% से 50% लेस
किस्तों में ले जायें ।
तैयार मिलते है।
SOFA CUM BED बीन बैग
रुई गद्दा 200 से 2000/- तक
पुराना गद्दा लायें नया ले जाये।
हर साईज में, हर क्वालिटी में, हर बजट में उपलब्ध
संजय रुई भंडार
पंडरी मेन रोड, रायपुर
7987081626, 7987918262

## खास खबर

### कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 97.85 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 97.85 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक केन्द्रीय पूल में 39.98 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है, जिसमें भारतीय खाद्य निगम में 21.29 लाख मीट्रिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 18.69 लाख मीट्रिक टन चावल शामिल है। खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही उठाव एवं कस्टम मिलिंग का काम तेजी के साथ शुरू कर दिया गया था। राज्य में अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 97.85 लाख मीट्रिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। श्री वर्मा ने बताया कि 75 लाख 09 हजार मीट्रिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 74 लाख 95 हजार मीट्रिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 23 लाख 9 हजार मीट्रिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध समितियों से 22 लाख 91 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा कराया जाना है। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में पंजीकृत 21 लाख 77 हजार किसानों से समर्थन मूल्य पर लगभग 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी की एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत लगभग 20 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रदेश के 1 लाख 24 हजार अर्थात् 6 प्रतिशत अधिक किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया।

### सीधी और परिसीमित भर्ती से चयनित 177 पर्यवेक्षकों का पदस्थाना आदेश जारी

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालनालय द्वारा 04 मई को खुली सीधी भर्ती द्वारा चयनित 96 और परिसीमित सीधी भर्ती से चयनित 81 अभ्यर्थियों को तृतीय श्रेणी कार्यपालिक अराजपत्रित सेवा में पर्यवेक्षक के पद पर वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे 2400(वेतन लेवल 6) में नियुक्ति प्रदान करते हुए पदास्थापना आदेश जारी कर दिया गया है। नियुक्त पर्यवेक्षकों को नियुक्ति आदेश जारी होने के 15 दिवस के भीतर संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करना होगा। पदस्थापना आदेश महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाईट http://www.cgwcd.gov.in/recruit-ment पर देखा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से पर्यवेक्षक के 200 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए चयन परीक्षा आयोजित की गई थी।

### राष्ट्रसंत ललितप्रभसागर के चातुर्मास की तैयारी

**रायपुर (ए)।** राष्ट्रसंत श्रीललितप्रभसागर महाराज एवं राष्ट्रसंत श्रीचंद्रप्रभसागर महाराज सहित तीन शिष्य मुनि भगवंतों का चातुर्मास राजधानी में होना तय हुआ है। इसकी तैयारी के लिए बैठक रखी गई। श्रीऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट एवं श्रीजैन श्वेतांबर चातुर्मास समिति-2021 के नेतृत्व में हुई बैठक में चातुर्मास-2022 के लिए तिलोकचंद बरड़िया को अध्यक्ष, पारस पारख व प्रशांत तालेड़ा को महासचिव और अमित मुणोत को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चुना गया। मुनि भगवंतों का चातुर्मासिक नगर प्रवेश 10 जुलाई को होगा। इंडोर स्टेडियम में प्रवचन होगा।

# आकांक्षी जिलों में विकास से घटा नक्सलवाद, छह संगठन एक साल के लिए प्रतिबंधितः नित्यानंद राय

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में घटते नक्सलवाद के बाद नक्सलियों के सहयोगी संगठनों पर शिकंजा कसने का अभियान तेजी से चल रहा है। गृह विभाग ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी) और उसके छह सहयोगी संगठनों दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ, क्रांतिकारी आदिवासी महिला संघ, क्रांतिकारी आदिवासी बालक संघ, क्रांतिकारी किसान कमेटी, महिला मुक्ति मंच और जनताना सरकार को एक वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

फोर्स के आपरेशन के कारण पिछले तीन वर्षों में नक्सलियों के प्रभाव को छोटे से इलाके में सीमित करने में सफलता मिली है। अब सहयोगी संगठनों पर सख्ती कर पुलिस की कोशिश नक्सलियों के कैडर में भर्ती को रोकना है।

आकांक्षी जिले बीजापुर के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने भी प्रदेश में नक्सलवाद के सिकुड़ने की पुष्टि की है। मंगलवार को राजधानी के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा में राय ने कहा कि





### केंद्र सरकार हर प्रकार से कर रही है राज्यों का सहयोग

मंत्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकांक्षी जिलों के विकास की समीक्षा के लिए मंत्रियों को जिम्मेदारी दी है। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आकांक्षी जिलों में विकास की रफ्तार तेज हुई और नक्सलियों का सिमटे हैं। राज्य सरकार के उस आरोप का मंत्री नित्यानंद ने जवाब दिया, जिसमें यह आरोप लगाया जा रहा है कि केंद्र सरकार ने सीआरपीएफके 11 हजार करोड़ रुपये की राशि को काट लिया है। मंत्री राय ने कहा कि केंद्र सरकार हर प्रकार से राज्यों का सहयोग कर रही है। अलग-अलग मद में विकास की राशि जारी की जा रही है। राज्यों की उनकी जरूरत के हिसाब से राशि मिलती है।

नक्सल मुद्दे पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार संयुक्त रूप से काम कर रही है, जिसके कारण नक्सली घटे हैं।

# पर्यटन स्थलों में अभी भी नहीं मिल रही 2जी सेवाएं, 4जी के लिए लिखी चिट्ठी

**रायपुर (ए)।** दूरसंचार मंत्रालय के राजधानी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने प्रदेश के पर्यटन विभाग को पब्लिक डेटा ऑफिस (पीडीओ) खोलने के लिए चिट्ठी लिखी है। इस पत्र में क्षेत्रीय कार्यालय ने कहा है कि प्रदेश के पर्यटक क्षेत्रों में 4जी नेटवर्क की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित किया जाए। इसमें दूरस्थ स्थलों में स्थित पर्यटन क्षेत्रों में पीएम वाणी योजना के अंतर्गत पीडीओ केंद्र की शुरूआत करने से लोगों को बेहतर मोबाइल नेटवर्क की सुविधा मिलेगी।



दूरसंचार विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पर्यटन विभाग के प्रबंध संचालक को इस संबंध में पत्र लिखा गया है। पीएम वाणी पब्लिक डेटा ऑफिस के रजिस्ट्रेशन के लिए पीएम वाणी सेवा प्रदाता से संपर्क किया जा सकता है। पीएम वाणी वाई-फाई योजना से लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी।

### पर्यटक क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा नहीं

उल्लेखनीय है कि राज्य में कई ऐसे पर्यटक क्षेत्र हैं, जहां मोबाइल नेटवर्क की सुविधा नहीं है। यहां अभी भी 2जी सेवाएं नहीं पहुंच पाई है। पीएम वाणी वाई-फाई आधारित योजना है, जिसमें कोई भी व्यक्ति पीडीओ कार्यालय संचालित कर अपने आस-पास के दायरे में लोगों को 4जी की सुविधा उपलब्ध करा सकते हैं।

बशर्ते इसके लिए 4जी फाइबर केबल उस इलाके में होना चाहिए। इस 4जी नेटवर्क के लिए मोबाइल टावर का होना जरूरी नहीं है। पीडीओ कार्यालय से रिचार्ज कूपन के माध्यम से लोगों को मोबाइल डेटा प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में 1,550 पीडीओ केंद्र खोले जा चुके हैं। आने वाले दिनों में केंद्रों की संख्या और बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

छत्तीसगढ़ को मिला अपना टोल फ्री मेडिकल हेल्पलाइन नंबर 104

# समाधान के लिए रायपुर में बनाए गए हैं 30 सीटर काल सेंटर

**रायपुर (ए)।** निजी आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने वाली एशिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक ज़िकित्ज़ा हेल्थकेयर लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ राज्य में पीपीपी समझौते के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 104 मेडिकल हेल्पलाइन सर्विस के लिए टेंडर प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। इससे ज़िकित्ज़ा की टीम छत्तीसगढ़ में अपनी सेवाओं का विस्तार कर सकेगी। ज़िकित्ज़ा ने प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया (कॉम्पिटिटिव बिड प्रोसेस) के जरिए यह अनुबंध जीता है।



छत्तीसगढ़ के लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े प्रश्नों को हल करने, उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने और मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में परामर्श देने के लिए, एशिया की सबसे बड़ी आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदाता कंपनी ज़िकित्ज़ा हेल्थकेयर लिमिटेड ने राज्य में अपनी मेडिकल हेल्पलाइन नंबर 104 शुरू किया है। यह सेवा अप्रैल 2022 में चालू हुई है।

ज़िकित्ज़ा हेल्थकेयर लिमिटेड के गवर्नमेंट बिजनेस के प्रमुख चंदन दत्ता ने कहा, हम छत्तीसगढ़ के लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए राज्य सरकार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और उसके अधिकारियों के आभारी है। 104 हेल्पलाइन का उद्देश्य लोगों को उनके स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी सलाह या जानकारी के लिए वन-स्टॉप साल्यूशन उपलब्ध करवाना है। हम लोगों से आग्रह करते हैं कि वे अपने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के समाधान के लिए इस सेवा का लाभ उठाएं।

नई फंक्शनल 104 हेल्पलाइन के लिए रायपुर में एक समर्पित 30 सीटर काल सेंटर होगा और इसमें एल्गोरिथम बेस्ड एप्लिकेशन टेक्नोलाजी भी होगी। इसका उपयोग मदर एंड चाइल्ड ट्रैकिंग सिस्टम (एमसीटीएस) और शिकायत निवारण प्रणाली में किया जाएगा।

ज़िकित्ज़ा हेल्थकेयर के छत्तीसगढ़ प्रोजेक्ट हेड वसीम रिज़्वान ने कहा, 104 हेल्पलाइन का उद्देश्य लोगों को उनके स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी सलाह या जानकारी के लिए वन-स्टाप साल्यूशन उपलब्ध करवाना है। हम लोगों से आग्रह करते हैं कि वे अपने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के समाधान के लिए इस सेवा का लाभ उठाएं। 104 हेल्पलाइन की मदद से, हम योग्य और प्रशिक्षित डॉक्टरों के जरिए टेलीफोन पर चिकित्सा सहायता प्रदान करके लोगों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कर्मचारी फिर करेंगे हड़ताल

**रायपुर (ए)।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ की आज आमसभा आहूत की गई है जिसमे पूर्व में स्थगित अनिश्चित कालीन हड़ताल को फिर से प्रारंभ करने का निर्णय लेंगे। गौरतलब है कि संघ ने पूर्व की आम सभा में 15 सूत्रीय मांगों पर चर्चा कर जिन मांगों का निराकरण हो चुका है उसे छोड़कर फिर से मांग पत्र तैयार करने एवं आम सभा में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया था, जिसमें सातवें वेतनमान के चौथे किस्त का एरियस मुख्य है। संघ के अध्यक्ष श्रवण सिंह ठाकुर ने जानकारी दिया कि संघ की शेष दो बिंदुओं को पूरा कराने राज्यपाल एवं कुलाधिपति से आग्रह करने समय मांगा गया था, लेकिन समय नहीं मिल सका। विश्वविद्यालय ने कर्मचारियों की व्यक्तिगत समस्याओं के निदान के लिए परस्पर संवाद रखा था, उसमें भी कर्मचारियों की समस्याओं का कोई समाधान विश्वविद्यालय नहीं निकाल सका।



संघ द्वारा मांग पत्र तैयार कर लिया है, जिसे आम सभा के निर्णय के बाद विश्वविद्यालय को सौंपा जाएगा एवं इसकी जानकारी राजभवन में राज्य शासन को दिया जाएगा तथा राज्यपाल एवं कुलाधिपति से मिलने का समय फिर से मांगा जाएगा। आम सभा में निर्णय के अनुसार संघ ने हड़ताल करने की रूपरेखा और आम सहमति लेकर हड़ताल की प्रस्तावित तिथि तैयार कर लिया है, जिसके संबंध में जानकारी दिया जाएगा। संघ द्वारा आम सभा का आयोजन विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के सामने विवेकानंद गार्डन में बुधवार को रखा गया है।

### एलआईसी आईपीओ बिक्री के विरोध में बीमाकर्मियो ने की हड़ताल

इधर, एलआईसी का आईपीओ बिक्री के लिए जारी किए जाने के विरोध में आज 4 मई को देशभर में लाखों बीमाकर्मियो ने भोजनावकाश के पूर्व 2 घंटे की सफल बहिर्गमन हड़ताल कर इसके खिलाफ तीव्र प्रतिवाद का इजहार किया। आल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के आव्हान पर बीमाकर्मी अपना काम रोककर कार्यालयों से बाहर निकल आए और गेट के समक्ष विरोध प्रदर्शन व सभाओं का आयोजन किया।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रायपुर में हुआ समर कैम्प का आयोजन

**रायपुर (ए)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्व शान्ति भवन चौबे कालोनी रायपुर में समर कैम्प आयोजित किया गया है। जिसका शुभारम्भ आज अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, संयुक्त कलेक्टर उज्जवल पोरवार और क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी ने दीप प्रज्वलित करके किया।

इस अवसर अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई ने कहा कि व्यक्तित्व में निखार लाने के लिए सकारात्मक सोच और आत्म विश्वास जरूरी है। सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। हमेशा सीखने के लिए तैयार रहे। ईश्वर ने हमें दो कान और एक मुंह दिए हैं ताकि हम सुनें ज्यादा और बोलें कम। पंचभाई ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चरित्र निर्माण की शिक्षा प्राप्त करने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान का समर कैम्प सबसे अच्छी जगह है। आप लोग जब बड़े होकर किसी जिम्मेदार पद पर कार्य करेंगे तब आप लोगों को यहाँ से प्राप्त शिक्षाएं बहुत काम आएंगी।

समारोह में उपस्थित संयुक्त कलेक्टर उज्जवल पोरवार ने कहा कि जीवन में नैतिकता का गुण सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। यह व्यक्तित्व विकास के लिए भी जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए अपने लक्ष्य पर फोकस करें, रोज उसके लिए समय निकालें तो दिन-प्रतिदिन आपको सुधार दिखाई देगा और कुछ समय बाद आप उस क्षेत्र में मास्टर बन जाएंगे। हमें हर परिस्थिति का मुकाबला करना चाहिए। सीखिए और अपने में सुधार करिए। इससे जीवन में आगे बढने् में मदद मिलेगी।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी ने बच्चों को अपने आशीर्वचन में कहा कि हरेक माता-पिता की यह शुभ इच्छा होती है कि उनका बच्चा बड़ा होकर किसी ऊंचे पद पर आसीन हो और उनका नाम रौशन करे। इसलिए वह लोग बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए पूरा प्रयास भी करते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए ब्रह्माकुमारी चित्रलेखा दीदी ने बतलाया कि यह समर कैम्प चौबे कालोनी रायपुर में विगत पन्द्रह वर्षों से निरन्तर आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में नैतिक एवं आध्यात्मिक गुणों का समावेश कर उनके व्यक्तित्व का विकास करना है।

# आंबेडकर अस्पताल के मरीजों की थाली में सेंधमारी, गायब हो रहे अंडा, केला और दूध

**रायपुर (ए)।** राजधानी स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल में भर्ती मरीजों के खाने में सेंधमारी करके हर माह लाखों रुपये के वारे-न्यारे किए गए। भर्ती मरीजों के खाने की थाली से अंडा, दूध, केला, ब्रेड, मट्ठा, सलाद, मशरूम, पनीर, मिठाई, बिस्किट जैसी महत्वपूर्ण खाद्य सामग्री गायब होती गई। यह हम नहीं, बल्कि जांच रिपोर्ट कह रही है। गड़बड़ी की रिपोर्ट सामने आने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने रसोईघर संचालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिल से लाख रुपये की कटौती की है। वहीं एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी भी की जा रही है। बता दें कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को हर दिन 1,000 से अधिक थालियां परोसी जाती हैं। वहीं इतने ही नाश्ते के पैकेट होते हैं। मरीजों की स्थिति के आधार पर उन्हें भोजन दिया जाता है, लेकिन खाने और नाश्ते की थाली से समय-समय पर खाद्य सामग्री कम हो रही है। इसका असर मरीजों की सेहत पर पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार जहां अप्रैल-2022 में दो लाख 184 रुपये की बिल कटौती हुई, वहीं पिछले वर्ष-2021 भी छह लाख रुपये से अधिक की कटौती सामने आई है। इसमें भर्ती महिलाओं को जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत दिए जाने वाले भोजन से गायब खाद्य सामग्री को लेकर 3.94 लाख रुपये से अधिक राशि की कटौती की गई है।

इधर जांच में गड़बड़ी उजागर होने के बाद चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को पत्र लिखकर अनियमितता पर कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने बताया कि वार्ड में भर्ती मरीजों की थालियों में सलाद, मशरूम, मिठाई जैसी खाद्य सामग्री अलग-अलग दिनों में नहीं थी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# कान्स 2022: कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत को मिला खास सम्मान, फेस्टिवल में 'कंट्री ऑफ ऑनर' चुना गया देश

कान्स फिल्म फेस्टिवल के जूरी पैनल में बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के शामिल होने के बाद भारत को एक और सम्मान मिला है। इस साल होने वाले कान्स फेस्टिवल में भारत ऑफिशियल 'कंट्री ऑफ ऑनर' के रूप में शामिल होगा। ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब कान्स फिल्म मार्केट में 'कंट्री ऑफ ऑनर' का ट्रेडिशन शुरू किया गया है। आने वाले समय में यह परंपरा अलग-अलग देशों के साथ जारी रहेगी।



### 17 से 28 मई तक चलेगा कान्स

कान्स फेस्टिवल इस साल 75वीं एनिवर्सरी सेलिब्रेट करेगा, वहीं इत्तेफाक से भारत भी ब्रिटिश रूल से आजादी के 75 साल सेलिब्रेट कर रहा है। बता दें, हाल ही में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की थी। यह फेस्टिवल 17 मई से शुरू होकर 28 मई तक चलेगा।

### फेस्टिवल में भारत 'कंट्री ऑफ ऑनर'

भारत के इंफॉर्मेशन और ब्रॉडकास्ट मिनिस्टर अनुराग सिंह ठाकुर ने यह जानकारी शेयर करते हुए कहा, 'कान्स फिल्म फेस्टिवल में ऑफिशियली भारत को कन्ट्री ऑफ ऑनर के रूप में चुना गया है। हम कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक ही संदेश देना चाहते हैं कि 'इंडिया द कंटेंट हब ऑफ द वर्ल्ड', भारत को हम इस दिशा में प्रस्तुत करेंगे।'

### दीपिका कान्स 2022 की जूरी पैनल में शामिल

दीपिका पादुकोण का नाम भी इस साल फेस्टिवल डी कान्स की जूरी पैनल लिस्ट में शामिल है। इस बात की जानकारी खुद एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर दी थी। दीपिका ने फेस्टिवल का एक ऑफिशियल नोट भी शेयर किया था। जिसमें लिखा था, इंडियन एक्ट्रेस, सोशल वर्कर और प्रोड्यूसर दीपिका पादुकोण अपने देश में बहुत बड़ी स्टार हैं। दीपिका 30 से ज्यादा फीचर फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उन्होंने अपना हॉलीवुड डेब्यू विन डीजल के साथ 'XXX द रिटर्न ऑफ जेंडर केज' से फीमेल लीड के तौर पर किया था। उन्होंने अपने प्रोड्क्शन हाउस 'का प्रोड्क्शन' की शुरुआत फिल्म 'छपाक' से की थी।

# कभी जूस की दुकान पर काम करते थे गुलशन कुमार अंडरवर्ल्ड ने फिरौती ना मिलने पर करवा दिया था मर्डर

टी-सीरीज के फाउंडर गुलशन कुमार की आज यानी 5 मई को बर्थ एनिवर्सरी है। एक छोटी सी म्यूजिक कैसेट कंपनी से बिजनेस की शुरुआत करने वाले गुलशन कुमार ने म्यूजिक की दुनिया में तहलका मचा दिया था।



### कैसेट किंग भी कहा जाता था

गुलशन कुमार का जन्म 5 मई को एक पंजाबी परिवार में 1956 में दिल्ली में हुआ था। गुलशन ने दिल्ली के देशबंधु कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की थी। दिल्ली के दरियागंज इलाके में उनके पिता चंद्रभान की एक जूस की दुकान थी, जहां गुलशन उनके साथ काम करते थे। कुछ दिन तक जूस की दुकान पर काम करते-करते गुलशन का मन भर गया था। फिर एक दिन उनके पिता ने एक दुकान और ली जिसमें सस्ती कैसेट्स और गाने रिकॉर्ड कर बेचे जाते थे। बस यहीं से गुलशन कुमार के करियर ने करवट बदली।

गुलशन ने सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी बनाई जो भारत में सबसे बड़ी संगीत कंपनी बन गई और उन्हें कैसेट किंग कहा जाने लगा। उन्होंने इसी संगीत कंपनी के तहत टी-सीरीज की स्थापना की। गुलशन ने नोएडा में एक प्रोड्क्शन कंपनी खोली। धीरे-धीरे वे भक्ति गीत और भजन गाने के चलते पॉपुलर होने लगे। गुलशन ने अपने बिजनेस को बढ़ता देख मुंबई शिफ्ट होने की सोची। मुंबई आने के बाद गुलशन की किस्मत बदल गई। उन्होंने तकरीबन 15 से ज्यादा फिल्में प्रोड्यूस की जिनमें एक फिल्म 'बेवफा सनम' को उन्होंने डायरेक्ट भी किया। उनकी पहली प्रोड्यूस की गई फिल्म 1989 में आई 'लाल दुपट्टा मलमल का' थी। लेकिन उन्हें असल पहचान साल 1990 में आई फिल्म 'आशिकी' से मिली।

महज 10 साल में ही गुलशन कुमार ने टी सीरिज के बिजनेस को 350 मिलियन तक पहुंचाया था। गुलशन कुमार ने सोनू निगम, अनुराधा पौडवाल, कुमार सानू जैसे कई सिंगर्स को लॉन्च भी किया। साल 1992 में गुलशन कुमार भारत के सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले शख्स बन गए थे।

### अंडरवर्ल्ड मांग रहा था पैसे

एक बार जब अबु सलेम ने गुलशन कुमार से हर महीने 5 लाख रुपए देने के लिए कहा तो गुलशन कुमार ने इनकार करते हुए कहा कि इतने रुपए देकर वो वैष्णो देवी में भंडारा कराएंगे। इसके बाद से ही वह अंडरवर्ल्ड के निशाने पर आ गए।


गुलशन कुमार हर रोज उस मंदिर में आरती करते थे। 12 अगस्त के दिन सुबह ठीक 10: 40 पर इन्होंने मंदिर में पूजा समाप्त की और जैसे ही अपनी गाड़ी की तरफ बढ़े, लंबे बालों वाला एक अज्ञात व्यक्ति उनके पास आकर खड़ा हो गया और उसने चिल्लाकर कहा- बहुत पूजा कर ली अब ऊपर जाकर पूजा करना। इसके बाद वहीं मौजूद और 2 अज्ञात लोगों ने उन पर करीब 16 बुलेट की फायरिंग कर दी और उनके शरीर को गोलियों से छलनी कर दिया। उनके ड्राइवर ने उन्हें बचाने की कोशिश की तो शूटर्स ने उसे भी गोली मार दी। गुलशन कुमार को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो चुकी थी।

### गुलशन कुमार के बेटे संभाल रहे काम

जब गुलशन की हत्या हुई तो उससे पहले ही वे म्यूजिक की दुनिया के इंटरनेशनल ब्रांड बन चुके थे। टी-सीरीज का नाम टॉप म्यूजिक कंपनियों में भी होने लगा। रिपोर्ट्स की मानें तो टी-सीरीज का बिजनेस 24 देशों के साथ-साथ 6 महाद्वीप में तक फैला हुआ है। फिलहाल टी-सीरीज कंपनी को गुलशन कुमार के बेटे भूषण कुमार संभाल रहे हैं। कंपनी के तहत कई सुपरहिट फिल्मों को प्रोड्यूसर किया गया है। कंपनी ने 'रेडी' (2011), 'आशिकी 2' (2013), 'हेट स्टोरी 4' (2014), 'बेबी' (2015), 'भाग जॉनी' (2015), 'एयरलिफ्ट' (2016), 'बादशाहो' (2017) सहित अन्य फिल्मों को प्रोड्यूस किया है।


# राम चरण को देखने के लिए फैंस हुए बेकाबू, एक झलक पाने के लिए होटल की दीवार पर चढ़े

साउथ सुपरस्टार राम चरण अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग के लिए बुधवार को विशाखापत्तनम पहुंचे। यहां उनके फैंस ने अपने फेवरेट एक्टर का भव्य स्वागत किया। उनके स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर सैकड़ों प्रशंसक जमा हुए थे। शहर पहुंचकर राम चरण जैसे ही अपने होटल के लिए रवाना हुए, उनके फैंस भी उनके पीछे-पीछे चल पड़े। अपने पसंदीदा कलाकार की एक झलक पाने के लिए फैंस होटल की दीवारों पर भी चढ़ गए। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।



बता दें कि राम चरण मशहूर निर्देशक शंकर की अगली फिल्म की शूटिंग के लिए शहर में पहुंचे हैं। इस फिल्म में उनके ऑपोजिट कियारा आडवाणी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राम चरण फिल्म में एक आईएएस अधिकारी की भूमिका में नजर आने वाले हैं। उनके विशाखापत्तनम पहुंचने की खबर सुनते ही फैंस बड़ी संख्या में एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए इकट्ठा हो गए थे। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि अपने चहेते सितारे को एयरपोर्ट से बाहर निकलते देख फैंस जोर-जोर से उनका नाम लेकर चिल्लाना शुरू कर देते हैं। साथ ही कुछ फैंस उन पर फूलों की बारिश करते हुए भी दिखते हैं। एक और वीडियो में फैंस को होटल के बाहर राम चरण की एक झलक पाने के लिए इंतजार करते देखा जा सकता है। वहीं कुछ अपनी किस्मत आजमाने के लिए होटल की दीवारों पर चढ़ने की कोशिश करते भी नजर आए। गौरतलब है कि राम चरण और शंकर पहली बार किसी प्रोजेक्ट पर एक साथ काम कर रहे हैं। अप्रैल में ही टीम ने अमृतसर में एक शेड्यूल पूरा किया है जहां एक्टर ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों से मुलाकात की थी। इसके अलावा उन्होंने और अपनी पत्नी उपासना संग स्वर्ण मंदिर में लंगर का आयोजन भी किया था। हाल ही में उनकी फिल्म आचार्य रिलीज हुई है, जिसमें उन्होंने अपने पिता चिरंजीवी के साथ काम किया है। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर पिता-पुत्र की जोड़ी कमाल दिखाने में असफल साबित हुई है।

# ओटीटी पर धमाल मचा रही है गंगूबाई काठियावाड़ी, आलिया भट्ट ने ऐसे जाहिर की खुशी




आलिया भट्ट की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी हाल ही में 26 अप्रैल 2022 को नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हुई है। ये फिल्म बहुत ही कम समय में विश्व स्तर पर नेटफ्लिक्स पर नंबर वन नॉन अंग्रेजी फिल्म बन गई है। आलिया ने अपनी एक्टिंग से सभी को उनका दीवाना बना दिया है। इस फिल्म में सभी ने उनके दमदार अभिनय की खूब तारीफ की है। 25 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई ये फिल्म वहां भी रिकॉर्ड तोड़ती नजर आ रही है। आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके इस बात की जानकारी दी है। करीब एक हफ्ते पहले ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म ग्लोबली नंबर वन नॉन इंग्लिश फिल्म बन चुकी है। एक हफ्ते में इस फिल्म को 13.82 मिलियन घंटे तक देखा जा चुका है। आलिया भट्ट ने पोस्ट शेयर करके बताया कि कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और संयुक्त अरब अमीरात सहित दुनियाभर के 25 देशों में ये फिल्म टॉप 10 लिस्ट में शामिल है।

फिल्म के निर्माता संजय लीला भंसाली ने इसके बारे में बात करते हुए कहा- 'गंगूबाई काठियावाड़ी एक स्पेशल फिल्म है, जिसे मैं अपने दिल के बहुत करीब मानता हूं। पहले ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ये नेटफ्लिक्स पर है। मुझे ये देखकर खुशी है कि फिल्म नए दर्शकों की वजह से व्यापक स्तर पर पहुंच गई है। नेटफ्लिक्स पर इसकी सफलता इस बात को बताती है कि महिलाओं के लिए न्याय की लड़ाई की गंगूबाई की कहानी यूनिवर्सल है। संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित और लिखित गंगूबाई काठियावाड़ी भंसाली प्रोडक्शंस और डॉ. जयंतीलाल गड़ा (पैन स्टूडियो) द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में आलिया भट्ट के अलावा अजय देवगन, जिम सर्भ, शांतनु माहेश्वरी, विजय राज, इंदिरा तिवारी और सीमा भार्गव हैं।

# केजीएफ-2 की आमिर की दंगल को धोबी पछाड़ बनी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी फिल्म

अभिनेता यश की फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' देश में हिंदी में रिलीज हुई फिल्मों में कमाई के मामले में नंबर 2 पर आ धमकी है। फिल्म को ईद की छुट्टी के दिन मिले जबर्दस्त रेस्पॉन्स का असर बुधवार को भी देखने को मिला और सिर्फ इन दो दिनों में हिंदी में करीब 18 करोड़ रुपये कमाकर फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' ने ट्रेड पंडितों को हैरान कर दिया है। फिल्म में सामाजिक सौहार्द का जो ताना बाना बुना गया है, उसने ईद के दिन बड़ी तादाद में लोगों को फिल्म की तरफ खींचा और इन लोगों की तारीफ का ही असर रहा कि फिल्म ने बुधवार को भी जबर्दस्त कारोबार किया। फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' हिंदी की कामयाबी अब आमिर खान की फिल्म 'दंगल' से आगे निकल गई है जिसने साल 2016 में बॉक्स ऑफिस पर 387.38 करोड़ रुपये कमाए थे।



### सामाजिक ताने बाने का असर

फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' जिस तरह से बॉक्स ऑफिस पर सुस्ता सुस्ता कर फिर लंबी दौड़ लगा रही है, वह कारोबारियों को भले हैरान कर देने वाला हो। फिल्म का पूरा ताना बाना ऐसा है कि इसे देखने हर धर्म और समुदाय के लोग भर भरकर आ रहे हैं और ईद के दिन फिल्म दिखा रहे सिनेमाघरों में जो मेला दिखा, उसने इस बात को फिर पक्का किया कि सिनेमाघरों में फिल्म का असली मजा सबके साथ ही आता है।

### ईद के अगले दिन की रौनक

अपनी रिलीज के 20वें दिन यानी ईद के दिन फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' हिंदी ने अंतिम आंकड़ों के मुताबिक उम्मीद से कहीं ज्यादा 9.57 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म की कुल नेट कमाई ईद के दिन तक 752.90 करोड़ रुपये हो गई। और, हिंदी में ये कलेक्शन ईद की रात तक 382.90 करोड़ रुपये तक जा पहुंचा। फिल्म ने रिलीज के 21वें दिन यानी तीसरे बुधवार को ईद का माहौल बनाए रखा और सभी भाषाओं में मिलाकर करीब 11.40 करोड़ रुपये की कमाई शुरुआती आंकड़ों के हिसाब से कर डाली।

### केजीएफ2' हिंदी ने कमाए 391 करोड़

रिलीज के 21वें दिन फिल्म ने हिंदी में शुरुआती आंकड़ों के हिसाब से करीब आठ करोड़ रुपये, कन्नड़ में करीब दो करोड़ रुपये, तेलुगू में करीब 80 लाख रुपये, तमिल में करीब एक करोड़ रुपये और मलयालम में करीब 50 लाख रुपये कमाए हैं। इन आंकड़ों में अंतिम संख्या आने के बाद थोड़ा बहुत फेरबदल भी हो सकता है। बुधवार तक की कमाई मिलाकर फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 2' के हिंदी संस्करण की कुल कमाई करीब 391 करोड़ रुपये हो गई है। और, ये हिंदी में रिलीज हुई किसी भी फिल्म के मामले में बस 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'बाहुबली 2' से कम है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

9303289950, 9827806026, 8962815243
























## खास खबर

### नल जल प्रदाय योजना के तहत 141 गावों को मिलेगा शुद्ध पेय जल

**मुंगेली।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित चेम्बर कक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने रेस्टोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना, सोलर आधारित एकल ग्राम योजना, विद्युत आधारित एकल ग्राम और समूह ग्राम योजना के अंतर्गत जारी वर्कआर्डर (कार्यादेश) के संबंध में जानकारी प्राप्त की और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य पालन अभियंता तथा जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्य सचिव श्री संजीव बृजपुरिया को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने एकल ग्राम नल जल और समूह नल जल प्रदाय योजना के तहत 141 गावों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 10 करोड़ 29 लाख रूपये से अधिक राशि की विभिन्न कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया।

### उप अभियंता भर्ती परीक्षा 8 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित उप अभियंता (सिविल) भर्ती परीक्षा-2022 की परीक्षा 8 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक रायपुर के 22 परीक्षा केन्द्रों में संचालित किया जायेगा। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर मुकेश कुमार कोठारी, रायपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशानिर्देशानुसार सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा।

### मुख्यमंत्री के दौरे पर टिप्पणी भाजपा की खीझ - कांग्रेस

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राज्यव्यापी दौरे पर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक और भाजपा द्वारा की गई टिप्पणियों को कांग्रेस ने भाजपा की खीझ बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री के नाते यह भूपेश बघेल जी का यह अधिकार और दायित्व है की वह प्रदेश का दौरा कर योजनाओं की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री के दौरे की शुरुआत से ही भाजपा नेता अवसाद में आ गए है। राज्य में लगातार हो रही हार और जनता के साथ अपने आलाकमान के भरोसा खो चुके छत्तीसगढ़ भाजपा के नेताओ को इस बात का स्पष्ट अनुमान हो चुका है कि मुख्यमंत्री के दौरे से भाजपा की बचीखुची जमीन भी खिसक जाएगी। इसी लिए भाजपा नेता अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे का प्रदेश के विकास में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग में राजभाषा कार्यशाला आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। इस्पात संयंत्र के राजभाषा एवं सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व इस्पात सुरक्षा दिवस के अवसर सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) श्री जी पी सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग) श्री एस के अग्रवाल उपस्थित थे।**



कार्यक्रम के आरंभ में अतिथिगण के स्वागत के उपरांत सुरक्षा प्रावधानों तथा कारखाना अधिनियम एवं सुरक्षा नियमावली पर आधारित क्विज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के समन्वयक उप महाप्रबंधक (सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग)राकेश मिश्रा रहे। कार्यक्रम का संचालन विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग, जनक लाल मेश्राम (प्रबंधक) ने किया।

मुख्य अतिथि जी पी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा भिलाई इस्पात संयंत्र सुरक्षा सहित समस्त शासकीय प्रावधानों और दायित्वों के प्रति सदैव अत्यंत समर्पित व जागरूक रहा है। हमें सुरक्षा के वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करना है, उसके लिए हम सतत् प्रयासरत हैं। कारखाना अधिनियम, सुरक्षा प्रावधानों और सुरक्षा से जुड़ी अन्य समस्त जानकारियों का प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी को ज्ञान होना आवश्यक है, इस दिशा में उन्होंने सुरक्षा क्विज को अत्यंत उपयोगी बताया और कहा कि इस प्रकार का आयोजन बार-बार किया जाना चाहिए। सुरक्षा के प्रति जागरूक होना, सुरक्षा निर्देशों का हर हाल में पालन करना, न केवल संयंत्र में वरन संयंत्र के बाहर भी प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है। सभी लोगों को यह प्रयास करना चाहिए कि अपने आसपास व संपर्क में आने वाले सभी लोगों को भी सुरक्षा के प्रति सतर्क रखें और पूरे समाज को सुरक्षित बनाएँ।

महाप्रबंधक (सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग) एस के अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी में सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन, न केवल सुरक्षा निर्देशों और सुरक्षा प्रावधानों के प्रचार-प्रसार में वरन राजभाषा के प्रचार-प्रसार में भी अत्यंत उपयोगी, प्रासंगिक और व्यावहारिक है। प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी को ऐसे आयोजनों से अवश्य ही लाभ होता है इस प्रकार के आयोजनों में भाग लेने से सुरक्षा नियमों के अनुपालन व सुरक्षित रहने की दिशा में हम स्वत:स्फूर्त होकर प्रेरित होते हैं। उन्होंने राजभाषा और सुरक्षा के प्रति सक्रिय रहने समस्त उपस्थित जनों का आह्वान किया। सुरक्षा क्विज के पुरस्कार विजेता है-प्रथम पुरस्कार अजय कौशल (सहायक महाप्रबंधक), द्वितीय पुरस्कार अजय टल्लू (प्रबंधक), तृतीय पुरस्कार कैलाश चंद्र अग्रवाल (उप महाप्रबंधक) तथा प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता रहे किशन राम साहू (इंजीनियरिंग ऑपरेटिव), अनुराग पाठक (प्रबंधक) और एन के महिष्कर (सहायक महाप्रबंधक)। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक (संपर्क व प्रशासन-राजभाषा) जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी तथा ऑनलाइन नोटशीट प्रणाली सैप में यूनिकोड की सहायता से देवनागरी लिपि हिंदी में नोटशीट बनाने में आने वाली कठिनाइयों का समाधान बताया। कार्यक्रम के समन्वयक उप महाप्रबंधक (सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग) श्री राकेश मिश्रा ने बताया कि किसी भी क्षेत्र में सतत प्रयास करना अत्यंत ही आवश्यक व निश्चित लाभकारी होता है।

# छात्रा ने मुख्यमंत्री बघेल से पूछा फिटनेस का राज, जवाब मिला - किसानी, योगा और तैराकी

## स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों से रू-ब-रू हुए मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आज से प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में भेंट-मुलाकात अभियान शुरू हुआ। भेंट-मुलाकात अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ के उत्तरी जिले बलरामपुर से की। इस दौरान बलरामपुर जिले के कुसमी पहुंचे मुख्यमंत्री स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों से रूबरू हुए। उन्होंने बच्चों से उनका नाम और कक्षा पूछते हुए पढ़ाई को लेकर बातचीत की। स्कूली बच्चों से आत्मीयतापूर्ण बातचीत करते मुख्यमंत्री को देख एक छात्रा वर्षा ने भी उत्सकुता दिखाई और उनसे फिटनेस का राज पूछ लिया।**



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भी बड़ी सहजता से छात्रा की उत्सुकता का जवाब दिया। उन्होंने अपने फिटनेस मंत्रा को शेयर करते हुए बताया कि किसानी, योगा और तैराकी की वजह से यह संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों को भी फिटनेस टिप्स देते हुए रोजाना योगा और व्यायाम करने की सलाह दी।

स्कूल के अन्य बच्चों ने भी कई चुटीले और रोचक सवाल मुख्यमंत्री से पूछे, जिनका जवाब भी उन्हें मिला।

### 90 विधानसभा क्षेत्र में भेंट-मुलाकात अभियान शुरू

एक सवाल का जवाब मिलने के बाद छात्रा वर्षा ने दूसरा सवाल किया कि 'आप बचपन से ही चीफमिनिस्टर बनना चाहते थे या कुछ और करना चाहते थे?', इस पर श्री बघेल ने कहा कि, वे एक अच्छा किसान बनना चाहते थे लेकिन किसानी के साथ क्षेत्र में जनसेवा के कार्यों से जुड़े रहे और जनसेवा करते हुए मुख्यमंत्री बन गए। स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री बघेल की सक्रियता को लेकर मीडिया में खबरें पढ़ने को मिलती हैं। छात्रा ने कहा कि उन्हें पता चला कि मुख्यमंत्री बघेल लगातार प्रशासनिक कामकाज के साथ ही जनता के बीच पहुंचते रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री से मिलने का मौका मिला तो छात्रा ने अपनी जिज्ञासा को पूछ लिया। अपने सवाल का सहजता से जवाब मिलने पर छात्रा उत्साहित और प्रफुल्लित भी नजर आयी।

### मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बच्चों के साथ तस्वीरें भी खिंचाई

इसी तरह दूसरे छात्र ने पूछा कि 'हमारी पर्सनॉलिटी आपकी तरह कैसी बन सकती है?', इस पर मुख्यमंत्री ने पलटकर जवाब दिया कि 'अच्छा पढ़ते रहें, बड़े-बुजुर्ग की सीख पर अमल करें। हमेशा नया जानने-सीखने की कोशिश जारी रखें। शारीरिक श्रम करेंगे तो मानसिक रूप से भी मजबूत बनेंगे।' दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में दाखिला लेने को लेकर छात्र-छात्राओं से सवाल किया तो बच्चों ने बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में उन्हें बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पढ़ाई के लिए अच्छे शिक्षक, बेहतर वातावरण, संसाधन मिल रहा है। स्कूली बच्चों से बातचीत के बाद उनके कौतुहल और उत्सुकता को भांपते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बच्चों के साथ तस्वीरें भी खिंचाई।

### मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में दाखिला लेने को लेकर छात्र-छात्राओं से सवाल किया

मुख्यमंत्री ने स्कूल में मौजूद सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्कूल के कम्प्यूटर लैब, फिजिक्स लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान प्राचार्य और शिक्षकों से भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से कहा कि, स्वामी आत्मानंद स्कूल की जो अच्छी छवि बनी है, वह आप सभी के प्रयासों का परिणाम है। शासन की मंशा प्रदेश के सभी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की है, इस काम में शिक्षक महती भूमिका निभा रहे हैं।

# राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक 189.48 करोड़ से अधिक लगे टीके



श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली।** भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 189.48 करोड़ (1,89,48,01,203) से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 2,34,46,113 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है।

12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च,2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 2.95 करोड़ (2,95,09,889) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है। समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक भी 10 अप्रैल,2022 को प्रारंभ की गई थी।

भारत में सक्रिय मामले आज 19,509 हैं। सक्रिय मामले, कुल पॉजिटिव मामलों के 0.05 प्रतिशत हैं। नतीजतन, भारत में स्वस्थ होने की दर 98.74 प्रतिशत है।पिछले 24 घंटों में 2,802 रोगियों के ठीक होने के साथ ही स्वस्थ होने वाले मरीजों (महामारी की शुरुआत के बाद से) की कुल संख्या बढ़कर 4,25,44,689 हो गई है। बीते 24 घंटे में कोरोना के 3,205 नए मामले सामने आएं। 24 घंटों में कुल 3,27,327 जांच की गई हैं। भारत ने अब तक कुल 83.89 करोड़ से अधिक (83,89,55,577) जांच की गई हैं। देश में साप्ताहिक पुष्टि वाले मामलों की दर 0.76 प्रतिशत है और दैनिक रूप से पुष्टि वाले मामलों की दर 0.98 प्रतिशत है।

# भाजपा नेता कर रहे हैं माहौल खराब करने की कोशिश : गहलोत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**उदयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य में माहौल खराब करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा का पूरे मुल्क में टारगेट कोई है, वह राजस्थान है और इसलिए दंगे भड़क रहे हैं। कांग्रेस चिंतन शिविर की तैयारियों का जायजा लेने आज यहां पहुंचे श्री गहलोत ने हवाई अड्डे पर मीडिया से यह बात कही। उन्होंने कहा कि हिंसा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।**



उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा घबराई हुई हैं और राज्य में इसके नेताओं को ऊपर से इनके हाईकमान से निर्देश मिले हुए हैं कि राजस्थान सरकार को जितना बदनाम कर सको करो तथा जितनी अस्थिरता कर सको करो। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा के मुख्यमंत्री के उम्मीदवार बन गये, उनमें प्रतिस्पर्धा है और उन्हें होमवर्क दे दिया गया हैं। इसलिए ये लोग लंबा खींच रहे हैं जबकि करोली में शीघ्र ही शांति हो गई थी लेकिन चला रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगढ़ की घटना भाजपा की खुद की हुई हैं की जोधपुर की घटना में केन्द्रीय मंत्री और पूर्व मंत्री सब उत्तर गये। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इनको मैसेज आते हैं किस प्रकार खिलाफ में प्रचार चलाना है। श्री गहलोत ने कहा कि मैंने पहले ही था कि इनके जे पी नड्डा आग लगाने आये हैं, श्री नड्डा आये और आग लग गई करौली के अंदर, राजगढ़ नगरपालिका में भाजपा का बोर्ड है और 35 में से 34 पार्षद भाजपा के हैं और सड़क चौड़ी करने का प्रस्ताव पास किया गया और बदनाम कांग्रेस को कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल जोधपुर में जो कुछ हुआ कोई ऐसा मुद्दा नहीं था कि जहां दंगा भड़कने की स्थिति आए, ये तो हम लोगों ने दंगा कहीं होने नहीं दिया, न करौली में, न राजगढ़ में, न जोधपुर में, इसीलिए कोई कैजुअलिटी नहीं हुई, कोई बड़ी घटना नहीं हुई।वरना आप जानते हो कि जब हिंदू-मुस्लिम के दंगे हुए हैं तो क्या स्थिति बनती है, देश के अंदर क्या-क्या हालात हुए हैं उत्तर प्रदेश के अंदर, बिहार के अंदर, जहां-जहां दंगे हुए हैं, गुजरात के अंदर, वो काले अक्षरों में लिखा गया है इतिहास में।हमने यहां पूरा चाक-चौबंद किया हुआ है पुलिस को, इसीका परिणाम है कि करौली की घटना जो हुई थी उसके बाद रामनवमी आई तो राजस्थान में सब जगह सब धर्मों ने रामनवमी के जुलूसों का स्वागत किया, फूल बरसाए और उसी दिन सात राज्यों में दंगे भड़के हैं, बुलडोजर चले गरीबों पर। क्या क्या नहीं हुआ हैं, यहां शांति रही और शांति इनको हजम नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि वह तमाम पार्टी से अपील करते हैं जहां तनाव होता है वहां वे लोग आगे आओ शांति की अपील करो। यह जनप्रतिनिधि की ड्यूटी बनती है लेकिन भाजपा ऐसा नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह संविधान और लोकतंत्र की धज्जिया उड़ाई जा रही है, जनता इनकी असलियत को समझ रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जोधपुर में अब शांति हैं और सदभावना का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चिंतन शिविर की तैयारी शुरु हो गई और 13 से 15 मई को पूरे देशभर से हमारे वरिष्ठ नेता आयेंगे और इसे लेकर सब कार्यकर्ताओं में उत्साह भी है।

### पेंशन के लिए प्रमाण पत्र जमा नहीं कराने वाले पूर्व सैनिकों को रक्षा मंत्रालय ने दिया एक और मौका

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि 31 मार्च तक वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं कराने वाले पूर्व सैनिकों को ही अप्रैल की पेंशन नहीं मिली है और इन्हें इसके लिए एक और मौका दिया जा रहा है जिसमें वे 25 मई तक प्रमाण पत्र जमा करा सकते हैं। मंत्रालय ने बुधवार को वक्तव्य जारी कर कहा है कि कुछ पूर्व सैनिकों को अप्रैल की पेंशन नहीं मिली है। इस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए मंत्रालय ने कहा है कि केवल 58275 पूर्व सैनिकों को ही अप्रैल की पेंशन नहीं मिली है क्योंकि उन्होंने अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं कराया है। वक्तव्य में कहा गया है।


































## खास-खबर

### ट्रैफिक जवान ने सरकारी क्वार्टर के छठे मंजिल से छलांग लगाकर की खुदकुशी

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर में एक ट्रैफिक जवान के खुदकुशी करने की खबर आ रही है। जवान ने अमलीडीह स्थित अपने शासकीय निवास के छठे मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या की है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना न्यू राजेन्द्र नगर थाना का है। जानकारी के अनुसार यातायात पंडरी जोन में पदस्थ आरक्षक राज कुमार ध्रुव पिछले 10-12 दिनों से स्वास्थ्य खराब होने की वजह से छुटटी पर था। जवान अपने अम्लीडीह स्थित शासकीय निवास में छत से कूदकर सुसाइड कर लिया है। बताया जा रहा है कि जवान 2010 बैच का है और यातायात पंडरी में मददगाड़ी का काम कर रहा था। जानकारी मिली है कि मृतक जवान आदतन शराब सेवन करता था। नशे की हालत में गाड़ी चलाते ही जवान सड़क हादसे का शिकार होने की वजह से पैर में फैक्चर हो गया था। पिछले कुछ दिनों से वह शराब पीकर घूम रहा था और घर में अपनी पत्नी और रिश्तेदारों को परेशान भी कर रहा था। बताया जा रहा है कि दो-तीन दिन पहले मृतक जवान की पत्नी ने यातायात पंडरी में इस बात की शिकायत भी की थी। जिसको लेकर उसको समझाइश देने के लिए यातायात पंडरी थाना बुलाया गया था लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ था और इसी बीच आज जवान ने सरकारी क्वार्टर के छठे मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली।

### दुकानों में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** रायपुर के मौदहापारा थाना इलाके के जवाहर नगर स्थित दुकान में चोरी के आरोपित रमेश महानंद और राहुल रक्सेल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रमेश पूर्व में भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। मौदहापारा थाने में नीलेश जादवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जवाहर नगर में संचालित संजय इंटरप्राइजेस नाम की दुकान को 26 मार्च की रात चोरों ने निशाना बनाया था। दुकान का शटर तोड़कर नकदी और दो मोबाइल की चोरी हुई थी। पुलिस जुर्म दर्जकर जांच में जुटी थी। पुलिस को जानकारी मिली कि घटना के दिन आरोपित दुकान के आसपास देखे गए थे। पुलिस ने रमेश महानंद को पकड़कर पूछताछ की तो उसने राहुल के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात को स्वीकार किया।

### एयरपोर्ट पर बोर्डिंग के दौरान व्यापारी के बैग से ढाई लाख पार, माना थाने में रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर ( ए )।** रायपुर के एयरपोर्ट से एक व्यापारी के बैग से ढाई लाख रुपये चुरा लिए गए। माना थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस थाने में वीआइपी रोड अमलीडीह निवासी विशाल अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। विशाल डूमरतराई में किराने के होल सेल का व्यवसाय करते हैं। 29 मार्च को वे रायपुर से अमृतसर वाया दिल्ली इंडिगो एयरलाइस से जा रहे थे। गलेज बैग में ढाई लाख रुपये रखे हुए थे। बोर्डिंग के दौरान कोई व्यक्ति बैग का चैन खोलकर पैसे निकाल लिए। विशाल जब अमृतसर पहुंचे और बैग चेक किया तो पैसे गायब थे। घर वालों से फोन कर चर्चा की। घर पर भी पैसे नहीं थे। चार मई को अमृतसर से लौट के आने के बाद माना थाने में व्यापारी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### खरगोश तक चुरा ले गए घर में घुसे चोर

**रायपुर ( ए )।** मुजगहन थाना क्षेत्र में चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता सीता घृतलहरे की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि वह कमल विहार सेक्टर में रहती हैं। तीन अप्रैल की रात उनके पति के मेडिकल स्टोर में दो लड़के राजा साहू और गोपी साहू पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट की। हमने डायल-112 को फोन करके थाने में शिकायत की। विवाद के डर से घर में ताला बंदकर परिचित के घर चले गए। सुबह घर आकर देखा तो 40 हजार रुपये नकदी और सोने के जेवर चोरी हो गए थे। इतना ही नहीं, घर के पालतू खरगोश को भी चोर चुरा ले गए। कुल 70 हजार की चोरी की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### जेसीबी का टायर फटने से 2 की मौत

# रायपुर के स्टील प्लांट में हादसा, हवा भरते समय फटा टायर, 5 फीट हवा में उछले दोनों

**रायपुर (ए)।** रायपुर के सिलतरा इलाके में गुरुवार को एक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा जेसीबी का टायर फटने के चलते हुआ। हादसे में मारे गए दोनों लोग मध्य प्रदेश के सतना के रहने वाले थे। हादसे की जांच सिलतरा चौकी पुलिस कर रही है।



हादसा धनकुल स्टील नाम के एक प्लांट में हुआ है। लोडिंग वगैरह के काम के लिए यहां जेसीबी मंगवाई गई थी। इस जेसीबी के टायर में हवा भरी जा रही थी। अचानक प्रेशर बढ़ने से धमाके के साथ टायर फट गया। हवा डालने का काम कर रहे राजपाल सिंह और प्रांजल नामदेव इसकी चपेट में आ गए। टायर से टकराने की वजह से दोनों का सिर फट गया। काफी खून बह जाने की वजह से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास और भी कर्मचारी मौजूद थे धमाके की वजह से भाग कर उन्होंने अपनी जान बचाई। राजपाल और प्रांजल को बचने का मौका नहीं मिला। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

दोनों कर्मचारी जेसीबी के टायर को खोल कर उसके ऊपर बैठकर हवा डाल रहे थे । एक कर्मचारी हवा भर रहा था तो दूसरा टायर के प्रेशर को देख रहा था। मगर दोनों को समझ नहीं आया कि कब प्रेशर गड़बड़ा गया और अचानक धमाके के साथ टायर फट पड़ा। इससे राजपाल और प्रांजल करीब 5 फीट ऊपर उछल गए। टायर के बीच मौजूद लोहे की रिंग दोनों के सिर पर लगी और वह नीचे गिर पड़े।

सिलतरा चौकी की पुलिस ने जानकारी दी कि इस घटना में मारे गए दोनों कर्मचारी मध्यप्रदेश के सतना के रहने वाले हैं। अब इनके परिजनों को इस घटना की जानकारी दी जा रही है फिलहाल दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है ताकि घटना के कारणों का पता लगाया जा सके।

### बायोडिग्रेडेबल मशीन बेचने के नाम पर 64 लाख ठगे

# एनबी ग्रीन कंपनी से हुआ था सौदा, रुपए लेकर भाग निकला संचालक, बेंगलुरु से गिरफ्तार

**भिलाई (ए)।** दुर्ग पुलिस ने बायोडिग्रेडेबल मशीन बेचने के नाम पर 64 लाख रुपए की ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी एनबी ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी चलाता था। पुलिस ने आरोपी को कर्नाटक के बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन थाना प्रभारी वियन सिंह बघेल ने बताया कि दलिप परिसर ब्लाक 1 फ्लैट नंबर 11 कैलाश नगर निवासी वेणु गोपाल राव ने भिलाई तीन थाने में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसने एनबी ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर अशवथ हेगड़े से बायोडिग्रेडेबल बैग बनाने की मशीन खरीदने का सौदा तय किया था।



वेणु गोपाल राव के पार्टनर राजा जैन ने भी सौदे के लिए हेगड़े चर्चा की थी। इसके बाद उसने अपने अपने पार्टनर राजा जैन और परिचितों के अकाउंट से 30 जून 2021 से लेकर 2 जुलाई 2021 के बीच तीन दिनों में 64 लाख रुपये अशवथ हेगड़े के बैंक अकाउंट में डाला। रुपए मिल जाने के बाद अशवथ हेगडे ने एक माह के भीतर मशीन डिलीवरी करने का आश्वासन दिया था। एक महीने बाद उसने मशीन डिलीवरी के लिए और समय मांगा। इसके बाद उसने कहा कि वह न मशीन देगा न ही रुपए। भिलाई तीन पुलिस इस मामले में सभी के कथन लेने के बाद अशवथ हेगड़े के खिलाफ धारा 420, 409 के तहत मामला दर्ज किया था।

#### बेंगलुरु में छिपा था आरोपी

आरोपी अशवथ हेगड़े की पताशाजी के दौरान पुलिस को सूचना मिली की वह कर्नाटक राज्य कै बैंगलुरू शहर में छिपा हुआ है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने एक टीम गठित वहां भेजा। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर अशवथ हेगड़े को बेंगलुरु के थाना राजा जी नगर क्षेत्र से वहां की पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपी ने ठगी करना स्वीकार किया।

### शादीशुदा युवक ने की गर्लफ्रेंड की हत्या

# पत्नी और दोस्त के साथ मिलकर ओडिशा से शव लाकर छत्तीसगढ़ में फेंका, तीनों गिरफ्तार

**कोंडागांव ( ए )।** ओडिशा के रहने वाले एक शादीशुदा युवक ने अपनी प्रेमिका का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। फिर लाश को अपनी पत्नी और दोस्त के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में लाकर फेंक दिया था। बताया जा रहा है कि प्रेमिका का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने अपने प्रेमी से शादी करने के लिए बोल रही थी। वहीं मामले की जांच के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने ओडिशा के ही 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोंडागांव पुलिस ने प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा किया है।




जानकारी के मुताबिक, 1 मई को जिले के माकड़ी थाना इलाके के हीरापुर के जंगल में एक युवती की लाश मिली थी। जिसका चेहरा पहचान में नहीं आ रहा था। हाथ में बने टैटू और साड़ी से युवती की पहचान कोंडागांव पुलिस कर रही थी। पड़ोसी राज्य ओडिशा के भी कुछ थाना क्षेत्रों में पता लगाया जा रहा था। जिसमें पुलिस को पता चला की युवती ओडिशा के नवरंगपुर जिले की रहने वाली है। जिसके बाद परिजनों से पूछताछ की गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि, उनकी बेटी नवरंगपुर जिले के बालबेड़ा के ही रहने वाले बोलो गौउड (40) के घर जा रही हूं कहकर निकली थी। फिर लौटी नहीं। पुलिस ने बोलो गौउड को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसने पुलिस को बताया कि हम दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे। मैं पहले से शादीशुदा था। मुझसे शादी करूंगी कह रही थी। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया था। युवक ने पुलिस को बताया कि गुस्से में उसने अपनी प्रेमिका का गला घोंट कर मार दिया था।

फिर अपनी पत्नी दुतिका गौउड (27) और अपने एक दोस्त भादू नेताम (50) के साथ मिलकर लाश को ठिकाने लगाने के लिए छत्तीसगढ़ आ गए। रात के अंधेरे में कोंडागांव जिले के हीरापुर गांव के जंगल में शव फेंक दिए थे। कोंडागांव एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### बस्तर पुलिस ने ढूंढे 170 मोबाइल

# 110 मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए, 16 लाख रुपए है कीमत



**जगदलपुर ( ए )।** बस्तर जिले की पुलिस ने लोगों के गुम हुए करीब 170 मोबाइल फोन को ढूंढ निकाला है। इन सभी फोन को कीमत लगभग 16 लाख रुपए बताई जा रही है। वहीं 110 मोबाइल फोन को उनके मालिकों को लौटा दिया गया है। जगदलपुर साइबर सेल की यह बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से सभी फोन को बरामद किया गया है।

जगदलपुर के एसपी जितेंद्र सिंह मीणा ने बतया कि पिछले कुछ महीनों से जिले के सभी थानों में मोबाइल फोन के गुम होने और चोरी होने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। वहीं लोगों के उनके मोबाइल फोन को सुरक्षित ढूंढ कर निकाले जाने के लिए ' टेक बैक योर प्रॉपर्टी' के नाम से अभियान चलाया गया। जिसके तहत साइबर सेल की मदद से सभी फोन की लोकेशन लगातार पता की जा रही थी। फिर एक एक कर फोन को ढूंढा गया है।

पुलिस ने जगदलपुर के शौर्य भवन स्थित पुलिस ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम आयोजित कर 110 मोबाइल फोन को उनके मालिकों को सौंप दिया है। एसपी ने कहा कि, लोगों से अपील की जा रही है कि हर दुकानों के सामने अब सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। जिससे अपने आस-पास हो रही गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

# अपराध पर अंकुश लगाएं, छोटे विवाद को बढ़ने न दें, तत्काल करें कार्रवाई : आईजी पाल

**रायपुर ( ए )।** रायपुर रेंज के ना आइजी ओपी पाल ने बुधवार को एसएसपी और अन्य राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक ली। कानून व्यवस्था से जुड़ी बातों के अलावा अपराध पर अंकुश लगाने विचार विमर्श किया गया। शहर में बढ़ती चोरी की घटना पर अंकुश लगाने तत्काल प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। आइजी ने टिकरापारा थाना क्षेत्र में पिछले महीने हुई डकैती के मामले में गंभीरता दिखाई है। डकैती की घटना को सुलझाने के लिए जरूरत पड़ने पर एक अलग से टीम गठित की जाएगी। आईजी पाल के अनुसार उनकी प्राथमिकता शहर में बेहतर कानून व्यवस्था करने के साथ स्मार्ट पुलिसिंग बनाना है। पहली बैठक में शहर में कानून व्यवस्था की समीक्षा करने के साथ वर्तमान में जो अपराध के ट्रेंड चल रहे है, उसके बारे में राजपत्रित पुलिस अफसरों के अलावा थाना प्रभारियों से विस्तृत जानकारी लेने के बाद अपराध पर अंकुश लगाने कार्य योजना बनाना है। राजधानी में आए दिन चाकूबाजी की घटना पर कैसे रोक लगाई जाए इस पर गंभीरता से विचार किया गया है।

#### चोरी की घटना रोकने गश्त

शहर में बढ़ती चोरी की घटना को रोकने अनिवार्य रूप से कांबिग गश्त शुरू की जाएगी। चोरी की घटना रोकने थाना स्तर के अलावा एसीसीयू की टीम को चोरी की सभी नई पुरानी घटनाओं को की नए सिरे से जांच कर जल्द से जल्द चोरी की घटनाओं को सुलझाने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिन इलाकों में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं वहां विशेष ध्यान देने कहा गया है।

#### सूखा नशा के खिलाफ कार्रवाई तेज

सूखा नशा के कारोबार करने वाले तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नार्कोटिक्स सेल को बड़े सप्लायरों को पकड़ने कहा गया है। इसके साथ ही आइजी ने अड्डेबाजी करने वाले तथा चाकूबाजों की धरपकड़ करने अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। बाहर से आने वाले लोगों की निगरानी कर पहचान करने के निर्देश दिए हैं।

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### सरयूपारिण महिला ब्राम्हण समाज ने खोला प्याउ घर

**दुर्ग।** सरयूपारिण महिला ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने भगवान परशुराम के सेवा कार्य को आत्मसात करते हुए राजेन्द्र पार्क चौक में प्याऊघर का संचालन शुरु किया। जिसका उद्घाटन विधायक अरुण वोरा ने किया। कार्यक्रम में वोरा ने भगवान परशुराम के बताए मार्गों पर चलेन का आव्हान किया, साथ ही उन्होनें ब्राम्हण समाज के नए भवन निर्माण के लिए अपने विधायक निधि से 10 लाख की राशि देने की घोषणा की। विधायक अरुण वोरा द्वारा ब्राम्हण समाज की महिलाओं द्वारा जनहित मे प्याऊघर खोलने की प्रशंसा की। विधायक वोरा ने कहा कि इस प्याऊघर का स्थायी रुप से संचालन किया जाएगा। जिसके लिए प्याऊघर में जल्द ही वाटर मशीन व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। महापौर धीरज बाकलीवाल और पूर्व महापौर आरएन वर्मा ने भी ब्राम्हण समाज की महिलाओं के कार्यों को सराहा। समाज के नागेन्द्र शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर सरयूपारिण महिला ब्राम्हण समाज की अध्यक्ष अनिता पांडे,शकुंतला चौबे, शीला चौबे,संगीता शर्मा,तनु मिश्रा,किरण मिश्रा, अपर्णा तिवारी, आशा चौबे,विजयलक्ष्मी दुबे, मिली शर्मा,मंजूलता मिश्रा, मीरा दुबे नीलम तिवारी ,प्रशिला शर्मा, रानी उपाध्याय,ममता तिवारी , नविता शर्मा,सुशीला तिवारी, कृष्णा मिश्रा एवं अन्य सामाजिक महिलाएं शामिल हुए।

### गर्मी से राहत दिलाने शीतला मंदिर समिति ने बांटे निःशुल्क मटके और सकोरे

**दुर्ग।** कसारीडीह सिविल लाईन स्थित प्रसिद्ध सतरुपा शीतला मंदिर समिति ने भीषण गर्मी से आम नागरिकों एवं पशु–पक्षियों को राहत प्रदान करने अभिनव पहल की है। जिसके तहत समिति द्वारा मटके और सकोरे का निःशुल्क वितरण किया गया। मटका और सकोरा लेने बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने समिति की इस पहल की प्रशंसा की है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेस क्लब दुर्ग के अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने इस नेक कार्य के लिए समिति के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष रमेश शर्मा ने ऐसे जनकल्याणकारी आयोजनों के आवश्यकता पर बल दिया। संचालन समिति के संयुक्त सचिव संतोष सिन्हा ने किया।

### निगम के दर्जनों अधिकारी-कर्मी के विभागों में हुआ फेरबदल

# बदले गए कईयों के विभाग, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने जारी किया आदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम प्रशासन ने दर्जनभर से अधिक अधिकारी–कर्मचारियों के विभाग बदलकर तबादले कर दिए हैं। इस आशय का आदेश आयुक्त प्रकाश सर्वें ने जारी किया है।**



जारी आदेश के तहत सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू जोन क्र. 3 मदर टेरेसा नगर से मुख्य कार्यालय राजस्व विभाग, सहायक राजस्व अधिकारी सत्यनारायण कौशिक जोन एक नेहरू नगर से भवन अनुज्ञा शाखा, सहायक अधीक्षक कौशिलया यदु राजस्व विभाग मुख्य कार्यालय से जोन एक नेहरू नगर, सहायक अधीक्षक चंचल शर्मा को सामान्य प्रशासन, राजस्व निरीक्षक मोतीलाल सहू को जाने एक नेहरू नगर, राजस्व निरीक्षक बसंत कुमार देवांगन भविष्य निधि शाखा से नोडल अधिकारी भविष्य निधि शाखा, राजस्व उप निरीक्षक राजिम निर्मलकर राजस्व विभाग मुख्य कार्यालय से जोन एक नेहरू नगर, राजस्व उप निरीक्षक मनीषा श्रीवास जोन एक नेहरू नगर से राजस्व विभाग मुख्य कार्यालय, राजस्व उप निरीक्षक कृष्ण कुमार शर्मा जोन 4 शिवाजी नगर से राजस्व विभाग मुख्य कार्यालय, राजस्व उप निरीक्षक राजेंद्र तिवारी जोन एक नेहरू नगर, सहायक उप निरीक्षक निलेश बागड़े पेंशन शाखा सामान्य प्रशासन विभाग से प्रभारी पेंशन शाखा सामान्य प्रशासन विभाग, सहायक ग्रेड 3 सत्यनारायण गोस्वामी जोन 2 वैशाली नगर से जोन एक नेहरू नगर, सहायक ग्रेड 3 सरोज सेन जोन 4 शिवाजी नगर, सहायक ग्रेड 3 लक्ष्मण सिंह बारले जोन एक नेहरू नगर से जोन 2 वैशाली नगर स्थानांतरित किए गए हैं।

इसी तरह सहायक ग्रेड 3 कौशिल्या सोनी लेखा शाखा से संपत्तिकर विभाग, सहायक राजस्व निरीक्षक डोमन कुमार भविष्य निधि शाखा से भवन अनुज्ञा शाखा, सहायक राजस्व निरीक्षक सुखराम यादव महिला बाल विकास, सहायक राजस्व निरीक्षक प्रवीण मोराने जोन 2 वैशाली नगर, स्वच्छता पर्यवेक्षक महेश वर्मा जोन 3 मदर टेरेसा नगर से राजस्व विभाग मुख्य कार्यालय, स्वच्छता पर्यवेक्षक सागर दुबे जोन 5 सेक्टर 6 से भवन अनुज्ञा शाखा, स्वच्छता पर्यवेक्षक तेजस्व गुप्ता जोन 5 सेक्टर 6 से एमएमयू, स्वच्छता पर्यवेक्षक सूर्य दास जोन 5 सेक्टर 6 से भविष्य निधि शाखा, अनुरेखक उन्मेश साहू भवन अनुज्ञा शाखा से जोन 4 शिवाजी नगर, पंप सहायक तामेश्वर पवार जोन 4 शिवाजी नगर से भवन अनुज्ञा शाखा, पंप सहायक आनंद पटेरिया जोन 5 सेक्टर 6 से संपत्तिकर विभाग, पंप सहायक गंगाराम चौहान जोन 5 सेक्टर 6 से जोन 4 शिवाजी नगर व भृत्य बी ईश्वर राव अनुकंपा नियुक्ति को सामान्य प्रशासन विभाग में तबादला किया गया है।

### खुर्सीपार में पुलिस चौकी की उठी मांग

## भाजपा पार्षद दया सिंह ने दुर्ग एसपी एवं दुर्ग रेंज आई जी के नाम सौंपा ज्ञापन, बोले-अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस चौकी जरूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** खुर्सीपार क्षेत्र में पुलिस चौकी मांग उठी है। लोग पुलिस चौकी को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से लगातार मांग करते आ रहे हैं। आज भाजपा पार्षद दया सिंह ने दुर्ग के नए पुलिस अधीक्षक एवम दुर्ग रेंज आई जी के नाम मांग पत्र सौंपा है। दया सिंह का कहना है कि, भिलाई का सबसे बड़ा हिस्सा खुर्सीपार है। जिले की बड़ी आबादी यहां निवासरत है।

पूरा क्षेत्र श्रमिक बस्ती है। श्रमिक परिवार निवासरत है। औद्योगिक क्षेत्र होने की वजह से बाहरी लोगों का आना–जाना लगा रहता है। पास में ट्रांसपोर्ट नगर भी है। क्षेत्र बड़ा होने की वजह से और बाहरी लोगों के आवाजाही होने के कारण अपराध भी लगातार बढ़ते जा रहा है। खुर्सीपार क्षेत्र में पहले से ही अपराध बढ़ा है और संवेदनशील इलाका मानकर कानून–व्यवस्था स्थापित की जाती है। खुर्सीपार थाने में अमला कम होने की वजह से यहां सुरक्षा व्यवस्था और कानून व्यवस्था स्थापित करने में कठिनाई होने की बात सामने आती है। मैं एक जनप्रतिनिधि होने के कारण लोगों की अक्सर मांग होती है कि खुर्सीपार इलाके में अलग से पुलिस चौकी भी खोला जाए। जहां पुलिस की मौजूदगी होगी तो अपराध पर अंकुश लगाया जा सकेगा। चूंकि, खुर्सीपार क्षेत्र बड़ा है, ऐसे में एक पुलिस चौकी होनी चाहिए। ताकि, सट्?टा, जुआ, मारपीट, गाली–गलौज व अन्य वारदात को घटित होने से रोका जा सके।

# महिला समूह के द्वारा स्वच्छता को लेकर किया जा रहा है नागरिकों को जागरूक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर के विभिन्न वार्डो में लगातार स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत अलग–अलग वार्डो में विभिन्न तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं।**

वार्ड क्रमांक 27 पोलसाय पारा में ओपन जिम के पास से रैली का आयोजन किया गया विदित हो कि महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन में तथा नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम द्वारा वार्ड की महिला समूहों के साथ मिलकर रैली निकाली गई रैली में वार्ड पार्षद श्री मनीष बघेल तथा स्वच्छता ब्रांड अंबेस्डर श्री पाणिग्रही जी की सहभागिता रही समूहों द्वारा वार्ड 27 पोलसायपारा में रैली में स्व सहायता समूह की 50 महिलाएं शामिल हुई। रैली के माध्यम से महिलाओं ने सड़कों पर खुली जगहों में खाने पीने के बाद सिंगल यूज प्लास्टिक, गंदगी, डिस्पोजल फैलाया जाता है। उसे लेकर लोगों को जागरूक किया और लोगों में स्वच्छता के प्रति संदेश देना इनका मुख्य उद्देश था। उक्त रैली में वार्ड के विभिन्न गलियों में तथा घर घर व दुकान में संपर्क व भ्रमण किया गया जहां लोगों से रैली के माध्यम से अपील की गई कि आम जनमानस शादी ब्याह सहित रोजमर्रा के उपयोग आने वाले दिनचर्या में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें वही बाजार एवं खुली जगहों पर इन्हें फेंकने से बचे बाजार में खरीदी करते समय कैरी बैग का उपयोग ना करें। जनसमूह को घरों से निकलने वाले कचरे को अलग–अलग कूड़ेदान में देने की भी अपील गई। उक्त कार्यक्रम का आयोजन डे–एन. यू. एल.एम. के वार्ड प्रभारी सामुदायिक संगठक श्रीमती गंगा साहू आदि के द्वारा किया गया।

# विधायक देवेंद्र की पहल से शहर में खुलेंगे 42 लाख की लागत से 6 नए वाटर एटीएम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भीषण गर्मी के इस दौर में लोगों को शुद्ध प्यूरीफायर शीतल पानी मिले से,शहर के लोग व राहगीर इस गर्मी में अपनी कंठ तर सके इसके लिए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की है।**



विधायक देवेंद्र यादव की पहल से शहर के 6 प्रमुख स्थानों पर जहां लोगों का आना जाना अधिक रहता है। ऐसे 6 जगह का चयन कर इन स्थानों में विधायक देवेंद्र यादव 42 लाख की लागत से नया वाटर एटीएम लगवा रहे हैं।

वाटर एटीएम लगाने का काम तेजी से चल रहा है और अब अंतिम चरण में है। जल्द ही इन सभी वाटर एटीएम को लगाने का काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद विधायक देवेंद्र यादव इसे भिलाई की जनता को समर्पित कर देंगे। आप को बता दे कि भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव हर रविवार को विधायक कार्यालय में जनदर्शन लगाते हैं। जहां वे लोगों से मिलते है। उनका हालचाल जानते हैं और यहां लोगों की समस्याओं को सूनने के साथ ही उसका निदान करते हैं। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को शहरवासियों के माध्यम से लगातार वाटर एटीएम की मांग की जा रही है। जनता की मांग और जरूरतों की देखते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की और अपने विधायक निधि से शहर के 6 जगह पर वाटर एटीएम लगाने का काम शुरू कराया। जो जल्द ही शुरू हो जाएगा। पहला वाटर एटीएम सेक्टर 1–मानव आश्रम के पास लगाया जाएगा। इसके साथ ही सेक्टर 2- ए मार्केट गार्डन के पास, सेक्टर 4 बोरिया के पास, सेक्टर 7 पानी टँकी के समिप बस स्टॉप के पास,सेक्टर 6 – एमजीएम स्कूल के पास और छठवा वाटर एटीएम हुडको मार्केट के पास श्री राम चौक में लगाया जाएगा।

*शहर की जनता के मांग के अनुरूप शहर में 6 जगह वाटर एटीएम लगाए जा रहे है जो जल्द शुरू हो जाएगा। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। लोगों की आवश्यकता को देखते हुए शहर के 6 ऐसे पॉइंट जहाँ अधिक जरूरत और अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा।*

***देवेन्द्र यादव,*** *विधायक भिलाई*

# दुर्ग निगम में जुड़वां बच्चों का मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत घर बैठे बना चार घंटे में जन्म प्रमाण पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम /मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत दुर्ग निगम क्षेत्र के मितान निर्धारित समय पर आवेदक के घर दस्तक दिए मितान रुकेगा नहीं इस दिशा में टोल फ्री नंबर 14545 (कॉल सेंटर)से प्राप्त सूचना के आधार पर मितान आवेदक नियाज अली निवासी गांधी नगर वार्ड 39 दुर्ग के घर पहुंच कर जुड़वां बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र के लिए अवश्यक डाक्यूमेंट्स मितान पोर्टल पर अपलोड किया गया ।

के उपरांत मुख्यमंत्री मितान योजना अन्तर्गत आवेदक के जुड़वां बच्चे पुत्र आरिश अली, पुत्री हनफा फातिमा उम्र 15 दिन का जन्म प्रमाण पत्र आज ही मितान द्वारा उनके घर पर जाकर माँ को दिया गया ।आवेदक की पत्नी श्रीमती शिबू अली द्वारा जन्म प्रमाण पत्र को देख कर बहुत खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री मा.श्री भूपेश बघेल जी को बहुत बहुत धन्यवाद दिया द्य नगर पालिक निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त हरेश मंडावी ने नागरिकों से अपील की है कि मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित 13 सेवाएं का लाभ घर बैठे प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 14545 डायल कर मितान की सेवा के माध्यम से अपने दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं कॉल सेंटर/टोल फ्री एवं पोर्टल का उपयोग कर जरूरी सेवा जैसे जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, दुकान एवं स्थापना पंजीयन/गुमास्ता लाइसेंस, मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति प्रमाण पत्र, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, नकल भूमि दस्तावेज व भूमि जानकारी जैसे सेवा घर बैठे ही प्राप्त कर सकेंगे।

# तकनीकी कारणों से जिनके खाते में नहीं जा पा रही वृद्धावस्था पेंशन उनकी समस्या सुलझाने के लिए लगाये जाएंगे कैंप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में हुई दिशा( जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति) की बैठक में आज वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित विषय पर चर्चा हुई। कुछ महीनों से कुछ ऐसे मामले आये हैं जिनमें डीबीटी( डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से वृद्धावस्था पेंशन लेने वाले कुछ हितग्राहियों के खाते में राशि नहीं पहुंच रही। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कुछ मामलों में बैंकों के विलय होने की वजह से खाताधारक द्वारा अपडेट नहीं कराये जाने से परेशानी हुई है जिनका समाधान किया जा रहा है।**



इस पर बघेल ने ऐसी समस्याएं सुलझाने के लिए एक कैंप लगाने कहा ताकि सभी हितग्राहियों की समस्या का समाधान एक ही जगह पर किया जा सके। कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने ऐसे मामलों के लिए दिन निर्धारित कर कैंप लगाने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शालिनी रिवेंद्र यादव एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने विस्तार से जिले में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी दी।

### जलजीवन मिशन के काम की मानिटरिंग सबसे जरूरी

बैठक में सांसद बघेल ने कहा कि जलजीवन मिशन सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं। पेयजल जीवन की बुनियादी आवश्यकता है। इसका क्रियान्वयन बहुत अच्छे से होना चाहिए। गुणवत्ता पूरी तरह से सुनिश्चित हो, साथ ही इसके प्रचार–प्रसार संबंधित गाइडलाइन का पालन भी होता रहे। सांसद ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में भी पेयजल के संबंध में लोगों को किसी तरह से दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मुक्तिधाम के विकास की माँग आती है। मनरेगा के माध्यम से मुक्तिधामों के विकास के लिए कार्य करें।

साथ ही कच्ची नाली निर्माण आदि कार्य भी मनरेगा के माध्यम से करें ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में ड्रेनेज की समस्या न बने। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि मनरेगा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। कोशिश यह हो रही है कि जलसंग्रहण से संबंधित अधोसंरचनाएं तैयार हो पाएं ताकि पानी से संबंधित किसी तरह की दिक्कत न रहे। सांसद बघेल ने मनरेगा के क्रियान्वयन पर लगातार मानिटरिंग रखने के निर्देश भी दिये। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि मनरेगा के कामों पर लगातार नजर रखी जा रही है। काम में गंभीर लापरवाही पाये जाने पर दो रोजगार सहायकों को सेवाच्युत करने की कार्रवाई की गई है।

### प्रधानमंत्री आदर्श ग्रामों के कार्य तय समयावधि में पूरा करें

सांसद ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्रामों के कार्यों को भी तय समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिये। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि खोला और ढाबा में कार्य समाप्त हो गया है। इस योजना में 21 गाँव सम्मिलित हैं जिनमें तेजी से काम हो रहा है।

### कोरोना के दौर में अच्छा कार्य करने प्रशंसा की

सांसद ने कहा कि दुर्ग जिला हमेशा से नवाचार में और बेहतर कार्य करने में अग्रणी रहा है। कोरोना के दौर में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बहुत अच्छा काम किया, इसके लिए मैं टीम दुर्ग की प्रशंसा करता हूँ।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950